


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



भूल भुलैया 2 का साउथ में बनेगा...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 16 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 356 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# राहुल गांधी पर जेपी नड्डा का निशाना

## बोलेः वे भारत तेरे टुकड़े होंगे कहने वाले साथ

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कर्नाटक के कोप्पल में बीजेपी जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक समय था कि हमें रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस में बैठने को नहीं मिलता था और हमारे पास कार्यालय नहीं था, कार्यकर्ताओं के घर से हमारा कार्यालय चलता था। लेकिन बीएस येदियुरप्पा जी जैसे कार्यकर्ताओं के 4 पीढ़ी को समाप्त करने के बाद आज हम एक साथ 10 कार्यालयों का निर्माण कर रहे हैं और 3 कार्यालयों की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के हर जिले में भाजपा कार्यालय बनाने की कल्पना की। 296 कार्यालय बनाए गए हैं और 210 मार्च 2023 तक पूरा होने जा रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि किसी का तुष्टिकरण नहीं और सभी के लिए न्याय, इसमें हमारा विश्वास है।



उन्होंने कहा कि हमारे लिए हमारी पार्टी परिवार है। हालाँकि, अन्य राजनीतिक दलों के लिए, परिवार ही पार्टी है। हाल ही में पीएम मोदी ने कर्नाटक का दौरा किया और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह भारत की प्रगति और समृद्धि की ट्रेन है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अकेली ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्र के विषयों पर राष्ट्रीयता से ओत–प्रोत भारतीय जनसंघ के समय से काम कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि चाहे धारा 370 को समाप्त करना हो, कश्मीर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हो, चाहे गोवा का लिबरेशन मूवमेंट हो, शिमला में पाकिस्तान के खिलाफ धरना–प्रदर्शन करना हो, या फिर लाला चौक पर तिरंगा फहराना हो, देश के लिए हर काम को भारतीय जनता पार्टी ने किया है।

नड्डा ने कहा कि केम्पेगौड़ा के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके अलावा, पीएम द्वारा केम्पेगौड़ा की 108 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। नया मैंगलोर बंदरगाह क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि हमारी गरीब–समर्थक और महिला–समर्थक योजनाओं ने देश में महिलाओं और गरीबों को सशक्त बनाया है। कर्नाटक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी श्रछ‍ जाते हैं और उसके साथ खड़े होते हैं, जो नारे लगाते हैं अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं। यही नहीं, जब राहुल गांधी कर्नाटक में घूम रहे थे तो उनके साथ, भारत तेरे टुकड़े होंगे... कहने वाले साथ थे। ऐसे लोग भारत को जोड़ने नहीं, तोड़ने का काम करते हैं।

# भारत ने कर दिया अग्नि–5 मिसाइल का परीक्षण, 5400 किलोमीटर की है मारक क्षमता

नई दिल्ली। भारत की अग्नि–V मिसाइल की ताकत जिसकी जद में पूरा बीजिंग समा सकता है, उसका परीक्षण कर लिया गया है। अग्नि–5 बैलिस्टिक मिसाइल का पहली बार 5,400 किमी की पूर्ण परिचालन सीमा पर परीक्षण किया गया। इससे पहले ही खबर आ रही थी कि 15 या 16 दिसंबर बीच अग्नि–5 की टेस्टिंग हो सकती है। हिंद महासागर में नाविकों के लिए पहले ही नोटैम जारी कर दिया गया था। लेकिन आज अग्नि 5 की टेस्टिंग हो चुकी है। के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से परीक्षण किया गया। पांच हजार से ज्यादा की मारक क्षमता वाली परमाणु क्षमता वाली अग्नि ट इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (प्ब्ठड) का आज ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से परीक्षण किया गया।

### अग्नि 5 की क्या है खासियत

भारत की अग्नि–5 दुश्मनों के लिए कितनी घातक साबित हो सकती है इसके बारे में भी बता देते हैं। ये लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली ये बैलस्टिक मिसाइल है। 5 हजार किलोमीटर तक ये टारगेट को मारने में सक्षम है। इसकी रेंज में पूरा चीन आ सकता है। इसके अलावा अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्से भी इसकी जद में आते हैं। परमाणु क्षमता से लैस अग्नि–5 में 1500 किलो वॉरहेड ले जाने में भी सक्षम है। 29401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ये दुश्मन पर वार कर सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, फ्रांस, इजरायल और उत्तर कोरिया के बाद इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल रखने वाला भारत आठवां देश है। अग्नि I, II , III और IV पहले ही सेना में कमीशन किए जा चुके हैं।



# भाजपा पर बरसे तेजस्वी, कहा– इनके पास कोई मुद्दा नहीं, ये 2024 को लेकर डरे हुए हैं

पटना। बिहार के छपरा में जहरीली शराब पीने से लगभग 40 लोगों की मौत हो गई है। इसको लेकर भाजपा जबरदस्त तरीके से नीतीश सरकार पर हमलावर है। इन सबके बीच भाजपा पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पलटवार किया। उन्होंने भाजपा पर नाटक करने का आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी छपरा में शराबकांड हुआ है जिसमें लोगों की मृत्यु हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये लोग (भाजपा) 3–4 महीने पहले कहां थे। जब गोपालगंज कांड हुआ था तब भाजपा वाले मौन ध् ाारण किए हुए थे। तब कोई कुछ क्यों नहीं बोल रहा था? आपको



बता दें कि जहरीली शराब का मुद्दा भाजपा की ओर से संसद में भी उठाया गया है। इसके अलावा भाजपा विधायकों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी जा रही है। बिहार के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज केवल नाटक कर रहे थे। जब सत्र चल रहा हो तो बीच में इस तरह का नाटक करना उचित नहीं है। दरअसल, इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, ये 2024 को लेकर डरे हुए हैं। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि जहरीली शराब से शुरू से लोग मरते हैं, इससे अन्य राज्यों में भी लोग मरते हैं। लोगों को सचेत रहना चाहिए क्योंकि जब शराब बंदी है तो खराब शराब मिलेगी ही। जो शराब पियेगा वो मरेगा। इस पर पूरी तरह से एक्शन होगा। उन्होंने कहा था कि मैंने अधिकारियों को कहा है कि गरीबों को न पकड़ें जो लोग इसका व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें पकड़ें। शराब बंदी कानून से कई लोगों को फायदा हुआ है कई लोगों ने शराब छोड़ दी है।

### भाजपा का पलटवार

बाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि मैं मानता हूं कि जहरीली शराब की वजह से दूसरे राज्यों में भी लोग मर सकते हैं। आपने(नीतीश कुमार) बिहार में जब शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया, तो फिर कैसे इतनी बड़ी संख्या में लोग मर रहे हैं, इतनी बड़ी संख्या में लोग जेल कैसे जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि हम शराबबंदी के समर्थन में हैं मगर इसकी समीक्षा किए जाने की जरूरत है।

# पार्टी के नाम, चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे की अपील पर अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

मुंबई। दिल्ली उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की एक अपील पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। उद्धव गुट की तरफ से एकल न्यायाधीश के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न पर रोक लगाने के चुनाव आयोग के अंतरिम आदेश के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। ठाकरे ने दावा किया कि एकल न्यायाधीश का 15 नवंबर का आदेश, जिसके द्वारा उसने चुनाव आयोग को कार्यवाही में तेजी लाने का भी निर्देश दिया था, षगलतष है और इसे रद्द किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम उचित आदेश पारित करेंगे। ठाकरे की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल



सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग ने प्रतीक चिन्ह पर रोक लगाने के आदेश को पारित करते समय उन्हें नहीं सुना। उन्होंने तर्क दिया कि आयोग के इतिहास में कभी भी पक्ष को सुने बिना फ्रीजिंग आदेश पारित नहीं किया गया है। एकल न्यायाधीश की पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि चुनाव आयोग के आदेश में ष्कोई प्रक्रियात्मक उल्लंघनष नहीं था, जिसमें पार्टी में षविभाजनष के बाद शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न को रोक दिया गया था। आयोग ने उपचुनावों की घोषणा के कारण प्रतीक के आवंटन के संबंध में अत्यावश्यकता को देखते हुए फ्रीजिंग आदेश पारित किया था और याचिकाकर्ता, जो बार–बार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में समय लगाते थे, अब प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन का आरोप नहीं लगा सकते हैं और आलोचना कर सकते हैं। महाराष्ट्र राज्य में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल शशिवसेनाश के सदस्यों के बीच फूट है। एक समूह या गुट का नेतृत्व एकनाथराव संभाजी शिंदे कर रहे हैं और दूसरे गुट का नेतृत्व उद्धव ठाकरे कर रहे हैं। दोनों मूल शिवसेना पार्टी के अध्यक्ष होने का दावा करते हैं, और श्धनुष और तीरश के अपने चुनाव चिन्ह का दावा करते हैं,ष एकल न्यायाधीश ने अपने आदेश में उल्लेख किया था।

# कारसेवकों से भरी ट्रेन को जलाने वाले केस में एससी ने उम्रकैदयाफ्ता दोषी फारुक को दी जमानत

नई दिल्ली। 27 फरवरी, 2002 भारत के इतिहास



का एक काला अध्याय है, जिसने हिंदू–मुस्लिम भाईचारे की भावना को आग लगा दी थी। 27 फरवरी पूरे देश के लिए तारीख ही नहीं बल्कि इस तारीख का हमारे देश के अतीत से काला रिश्ता है। इसी दिन गोधरा रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के एक डब्बे को आग के हवाले कर दिया गया था, जो कारसेवकों से भरी थी। गोधरा कांड के सजायाफ्ता दोषी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। गुजरात सरकार के कड़े विरोध के बावजूद गोधरा कांड के उम्रकैदयाफ्ता दोषी फारुक को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। सीजेआई ने गोध ारा कांड के दोषी को जमानत देते हुए कहा कि फारुक 2004 से जेल में है और 17 साल जेल में रह चुका है। लिहाजा उसे जेल से जमानत पर रिहा किया जाए। दोषी पर पत्थरबाजी का मामला है। सुनवाऊ के दौरान जमानत का विरोध करते हुए गुजरात सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ये महज पत्थरबाजी नहीं थी। ये जघन्य अपराध था। जलती ट्रेन से लोगों को बाहर नहीं निकलने दिया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह महज पत्थरबाजी का केस नहीं है। बता दें कि 27 फरवरी 2002 का दिन हमारे स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष देश में सुबह 7रू43 पर गुजरात के गोधरा स्टेशन पर 23 पुरुष और 15 महिलाओं और 20 बच्चों सहित 58 लोग साबरमती एक्सप्रेस के कोच नंबर ै6 में जिंदा जला दिए गए थे। उन लोगों को बचाने की कोशिश करने वाला एक व्यक्ति भी 2 दिनों के बाद मौत की नींद सो गया था।

# ओसामा बिन लादेन की मेजबानी करने वाले हमें उपदेश न दें

### UNSC में एस जयशंकर ने चीन–पाकिस्तान को दिखाया आईना

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर का एक बड़ा बयान सामने आया है। चीन और पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि कुछ देश गुट बनाकर आतंकियों को बचाते हैं। लादेन की मेजबानी करने वाले हमें उपदेश न दें। एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुश्मनों को दो टूक सुनाई है। जयशंकर ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को जायज ठहराना ठीक नहीं है। जिस देश ने ओसामा बिन लादेन की मेजबानी की हो, जिस देश ने पड़ोसी देश की संसद पर हमला किया हो उस देश के पास उपदेश देने की साख नहीं बची है। पाकिस्तान को खरी–खरी सुनाते हुए संयुक्त राष्ट्र में जयशंकर ने कहा की




साम पार आतंकवाद को जायज ठहराना ठीक नहीं है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान कश्मीर मुद्दा उठाए जाने पर उनकी आलोचना की है। अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा तथा सुधारित बहुपक्षवाद के लिए नई दिशा विषय पर बहस की अध् यक्षता करते हुए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों के प्रभावी प्रतिक्रिया पर निर्भर है।

# नयी नागपुर–बिलासपुर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव, कोई हताहत नहीं



रायपुर। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में अज्ञात लोगों ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव कर खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। रेल विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के अंतर्गत रायपुर रेलवे डिविजन के दुर्ग और भिलाई नगर रेलवे स्टेशनों के मध्य अज्ञात लोगों ने वंदे भारत ट्रेन पर पथराव कर दिया। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस बुध ावार को नागपुर से बिलासपुर की ओर रवाना हुई थी। जब वह दुर्ग और भिलाई नगर स्टेशन के मध्य पहुंची तब कुछ लोगों ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इससे ई वन कोच की एक खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है।






# श्रद्धा मर्डर केस में बड़ा खुलासा, महरौली के जंगलों से बरामद हड्डियों का पिता के डीएनए से हुआ मिलान

नई दिल्ली। श्रद्धा मर्डर केस में दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता हासिल की है। दरअसल, श्रद्धा मर्डर केस में उसके लिव–इन–पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। हालांकि, पुलिस को सुबूत की जरूरत थी। अब पुलिस को बड़ा सुबूत हाथ लगा है। दरअसल, महरौली के जंगलों से पुलिस ने जो शव के टुकड़ों के हड्डियां इकट्ठा किए थे। उसका मिलान श्रद्धा के पिता से हुआ है। श्रद्धा और उसके पिता का डीएनए का मिलान हो चुका है। सीएफएसएल ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। इसके बाद आफताब के खिलाफ पुलिस को बड़ा सबूत मिल गया है। अफताब से इस



हत्याकांड को लेकर लगातार पुलिस पूछताछ कर रही है। आपको बता दें कि मई महीने में आफताब पूनावाला ने अपने लिव–इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या कर दी थी। इसके बाद उसके शव को कई टुकड़ों में बांटकर महरौली के जंगलों में अलग–अलग जगह फेंक दिया था। इसका 6 महीने के बाद खुलासा हुआ। दिल्ली पुलिस के सामने अफताब में अपना जुर्म भी कबूल कर लिया था। लेकिन पुलिस के लिए सबसे बड़ी समस्या यह थी कि सुबूत कहां से लाया जाएय मामला 6 महीना पुराना था, इसलिए सुबूत को इकट्ठा करना काफी मुश्किल लग रहा था। ऐसे में पुलिस ने महरौली के जंगलों से कुछ हड्डियों को बरामद किया था। इसके बाद उसका क्छ। मैच करा लिया गया है। इससे पहले आफताब की नार्को और पॉलीग्राफी टेस्ट भी कराया जा चुका है। इससे पहले आफताब पूनावाला द्वारा दिल्ली में कथित तौर पर मार दी गई श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर ने अपनी बेटी की ''क्रूरता से हत्या'' करने वाले उसके लिव–इन–पार्टनर को फांसी देने की मांग की।

# सर्दी के मौसम में कारागार में निरुद्ध बन्दियों के लिए किये जायें माकूल प्रबन्ध–सुरेश राही

बहराइच। प्रदेश के राज्य मंत्री कारागार सुरेश राही ने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन बहराइच में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला कारागार में निरुद्ध बन्दियों को कारागार प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। जेलर आनन्द शुक्ला द्वारा बताया गया कि ठण्ड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बन्दियों के लिए अलाव तथा अतिरिक्त चाय एवं बिस्किट की व्यवस्था की गयी है। कारागार में निरूद्ध बुजुर्ग बन्दियों के लिए विशेष प्रबन्ध किए जाते है। श्री शुक्ल ने यह भी बताया कि शरद ऋतु के मद्देनजर कारागार चिकित्सालय में भी विशेष प्रबन्ध किये जाते है।

राज्य मंत्री ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बन्दी जो अर्थ दण्ड जमा न करा सकने के कारण कारागार में निरूद्ध हैं उनके जुर्माने की धनराशि जमा कराने के लिए दानवीरों, स्वयं सेवा संगठनों एवं स्वैच्छिक संस्थाओं से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। श्री राही ने कहा कि जिला कारागार में बन्दियों के लिए सुविधाओं में विस्तार के लिए भी जन सहयोग प्राप्त किया जाय। श्री राही ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि कारागार में बन्दियों के स्किल डेवलपमेन्ट के लिए कार्यक्रम चलाएं ताकि बन्दी कारागार से बाहर आकर अपने परिवार के साथ बेहतर जीवन व्यतीत कर सकें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट ज्योतिराय, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसौदिया, जेलर आनन्द कुमार शुक्ला, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। निरीक्षण भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक के पश्चात राज्य मंत्री श्री राही ने धर्म पत्नी निशा राही व सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के साथ सूरजापुर माफी स्थित आनंद पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विधालय पहुँचने पर स्कूल की छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर एवं स्वागतगीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री राही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसानों के साथ जेलो में निरुद्ध बन्दियों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कारागारो में क्षमता से अधिक बन्दियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के कारागारों का उच्चीकरण कराया जाएगा। कार्यक्रम को विधायक सदर अनुपमा जायसवाल सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक वीरेंद्र पासी, प्रधानाचार्य बिन्नू सिंह, राजा जमुनहा जयसिंह सहित डॉ सौरभ मिश्रा, रीति मिश्रा, अर्पित श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर श्रदांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। जनपद के बांसी विधानसभा क्षेत्र के चेतियाँ में अपनादल एस के नेतृत्व में लौह पुरुष परिनिर्वाण दिवस पर श्रदांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल ने किया। कार्यक्रम के आयोजक शोभनाथ चौधरी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इटवा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने किया। मुख्य अतिथि अपनादल एस के प्रदेश अध्यक्ष आवश्यक कारणों से उपस्थित नही हो सके। विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न चौधरी, महिला मंच जिला उपाध्यक्ष उषा चौधरी, प्रदेश सचिव अनिल चौधरी रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ आथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प



अर्पित किया गया। सरदार पटेल को याद करते हुए अनिल चौधरी ने कहा उत्थान तथा पतन किसी भी व्यक्ति के साथ राष्ट्र को भी प्रभावित करता है। हमारा देश भी लम्बे समय तक इससे प्रभावित रहा। विदेशी जानते थे कि वह भारत में तब तक शासन कर सकते हैं, जब तक भारत के लोग कहीं पर भी एकजुट न हो सकें। इसी कारण वह लम्बे समय तक भारत पर काबिज रहे। इसके बाद जब देश के सरदार पटेल जैसे नेता सक्रिय हो गए तो मामला बदल गया। जिस प्रभाव के कारण हमारा देश अखंड भारत देश बनने की दिशा में आगे बढ़ा। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल ने कहा राष्ट्रीय एकता की प्रतीक सरदार पटेल की चरणों में नमन करता हूँ। वे पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री सरदार पटेल ही देश की एकता के सूत्रधार थे। वह किसी भी प्रकार के बंटवारे के पक्षधर नहीं थे। कर देश की एकता व अखंडता को अभेद्य कवच बनाया। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत को एक सूत्र में बांधे उन्होंने अपनादल एस पार्टी को लेकर कहा कि पहली बार 2016 में सिद्धार्थनगर में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का आगमन हुआ था। उसी समय से अब तक अपनादल एस पार्टी की मजबूती से दो–दो बार विधायक चुने गए। कार्यक्रम आयोजक शोभनाथ चौधरी ने कहा अपनादल एस पार्टी मजबूती के लिए पार्टी की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में आये हुए महिलाओं और बुजुर्गों सहित अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान कृष्ण पाल चौधरी, रामकुमार चौधरी, बेचारी चौधरी, राजाराम, हेमंत त्रिपाठी, राम लुटावन गौतम, नंद किशोर चौरसिया, अखिलेश मौर्या, संगीता, विन्द्रवती, फूल कुमारी, चीनक सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# सीएमओ की अध्यक्षता में हुई तैयारी बैठक, बलगम का नमूना लेने के लिए बनाए जाएंगे कफ कार्नर

बहराइच। जनपद को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (जन आरोग्य केन्द्रों) पर पहला निक्षय दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम जांच भी सुनिश्चित की जायेगी।जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग की जाएगीस

यह बातें सीएमओ सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहीं। उन्होने बताया कि आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस) को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी। इससे टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज के दौरान हर माह 5 सौ रुपए मिलने में सहूलियत होगी। प्राइवेट डॉक्टर को भी टीबी मरीज के नोटिफिकेशन, टीबी मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के फालोअप के बारे में प्रेरित किया जाएगा।

उन्होने बताया कि निक्षय दिवस का आयोजन हर माह की 15 तारीख को किया जाएगा। किसी भी महीने में 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा।

उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ पीके वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य इकाइयों पर सभी संभावित क्षय रोगियों की जांच और उनके बैठने की व्यवस्था खुले स्थान पर की जाएगी। बलगम की जांच के लिए खुले स्थान पर कफ कॉर्नर बनाये जाएंगे। इस मौके पर टीबी के लक्षण , जांच, उपचार संबंधी परामर्श के साथ दवाएं भी दी जाएंगी । इसके अलावा संभावित क्षय रोगियों की एचआईवी और शुगर की जांच भी की जाएगी ।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ शुभारम्भ

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। कस्बा के किसान इंटर कालेज





उसका बाजार पर गुरुवार को तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व चेयरमैन हेमन्त जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान के द्वारा विद्यालय परिसर में स्थित माता सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके हुआ है। इसके उपरांत स्काउट जिला प्रशिक्षक हरिश्चंद्र यादव के निर्देश में स्काउट झंडे का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बच्चो को सम्बोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा कि स्काउटिंग आन्दोलन के जनक राबर्ट स्टिफैंस स्मिथ बैडन पावेल थे। भारत स्काउटिंग 1913 में ऐनी बेसेन्ट द्वारा प्रारम्भ करायी थी। अब भारत स्काउट व गाइड संस्था है। उन्होंने बच्चों से पूर्णमनोयोग से स्काउट प्रशिक्षण में सीखने को कहा है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान ने कहा कि स्काउटिंग बच्चो को कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदारी व मन से ईमानदारी पूर्वक कार्य करने को सिखाता है। सभी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चो को स्काउट के जिला प्रशिक्षक हरिश्चंद्र जायसवाल व विद्यालय के स्काउट शिक्षक राम दरस यादव ने स्काउटिंग की प्रार्थना, झंडा गीत आदि के बारे में विस्तार बताया व प्रशिक्षित किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपेश्वर चौबे, संजय कुमार गुप्ता, डा सतेंद्र मिश्र, राम शंकर भारती, मनोज शर्मा, सुनील पाण्डेय, सुनील चौरसिया, सर्वेश उपाध्याय, अम्बरीष मिश्र, आदि रहे।

# भारत जोड़ों यात्रा को लेकर की बैठक

अयोध्या। भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी बैठक में प्रभारी रुदौली विधानसभा विजय पाण्डेय जी ने अपने संबोधन में कहा कि रुदौली विधानसभा के समस्त नगर पालिका चेयरमैन, सभासद के संभावित प्रत्याशी गण और समस्त पार्टी के कार्यकर्ता नेता बीकापुर कोतवाली के सामने 15 तारीख को 8:30 बजे पहुंचे तथा भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने में रुदौली विधानसभा की भूमिका महत्वपूर्ण दिखाई पड़े कार्यक्रम की अध्यक्षता रुदौली ब्लॉक अध्यक्ष निक्कू राम तथा संचालन करिब करनी जी द्वारा किया गया इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला सचिव भीम शुक्ल जी, निवर्तमान सभासद इरफान खा, शिवप्रसाद, अहमद,शिवप्रसाद लोधी, राशिद अली, सत्रोहन सिंह कमल पाण्डेय आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# रामपथ चौड़ीकरण का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

## –अधिकारियों के साथ बैनामे के कार्यो के प्रगति की समीक्षा

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने सोमवार को देर रात्रि जिलाधिकारी नितीश कुमार तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ने वाले प्रमुख मार्ग रामपथ (सहादतगंज से नयाघाट तक लम्बाई 12.940 किमी0) के चौड़ीकरणध्सुदृढ़ीकरण के कार्य में लगे सभी आलाधिकारियों के साथ अभी तक हुये बैनामे आदि कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने रामपथ के चौड़ीकरण से प्रभावित दुकानदारोंध्भू–स्वामियों से भूमि बैनामें, अनुग्रह राशि एवं मुआयजे के भुगतान आदि हेतु लगायी गयी समस्त टीमों व सम्बंधित अधिकारियों से एक–एक कर प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 10 दिन के भीतर सभी प्रभावित दुकानदारोंध भू–स्वामियों से बैनामा सम्बंधी कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा तथा अभी तक जितने बैनामे कराये गये है सभी भू–स्वामियों के खातों में मुआवजें की धनराशि पहुंच चुकी है।

उन्होंने कहा कि बैनामे के बाद तत्काल मकान को खाली करानेध्ध्वस्तीकरण व मलबा हटाने की कार्यवाही की जाय। इस हेतु जिस विभाग से भी सहयोग की आवश्यकता हों उसका तत्काल सहयोग लें तथा मण्डलायुक्त ने बैनामें आदि सम्बंधी कार्यो के लिए पूर्व से चल रहे दो अस्थायी सेन्टर के अलावा अयोध्या के दुकानदारों के लिए एक अतिरिक्त सेन्टर संचालित करने के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। मण्डलायुक्त ने कहा कि रामपथ निर्माण से प्रभावित दुकानदारोंध भू–स्वामियों का बैनामे से लेकर उसके खाते में पैसा पहुंचने तक फालोअप किया जाय, जिससे प्रभावित दुकानदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हों। बैठक के उपरांत मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ रात्रि में रामपथ में चल रहे ध्वस्तीकरणध चौड़ीकरण की कार्यवाही का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यवाही स्थल पर रात्रि के समय समुचित प्रकाश व्यवस्था रखने हेतु विद्युत विभाग का भी सहयोग लिया जाय और सभी अधिकारी पूरी तत्परता के साथ तय समय सीमा के अन्तर्गत कार्यवाही पूर्ण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी (एल0ए0) प्रभाकान्त अवस्थी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध एसडीएम सदर विशाल कुमार, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विजेता खिलाड़ियों को मेडल व टीशर्ट देकर किया गया सम्मानित

बहराइच ।सांसद खेल स्पर्धा के अंतिम दिवस पर एकलव्य महाविद्यालय झुकिया में आयोजित खेलो मे विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि कैसरगंज सुनील सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेन्द्र सिंह वर्मा,कैसरगंज ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन,लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता,प्रभारी निरीक्षक थाना जरवल रोड राजेश सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह,डॉव अरविंद सिंह विसेन,विद्यालय प्रशासक अखंड प्रताप शाही आदि अतिथियों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया ।सांसद खेल स्पर्धा में महिला सीनियर खो खो जरवल ब्लॉक से तरन्नुम निशा, 200 मीटर सीनियर महिला दौड़ में सुशीला देवी,400 मीव दौड़ महिला जूनियर आकांक्षा मिश्रा,400 मीटर की दौड़ जूनियर पुरुष गौरव सिंह,1600 सौ मीटर जूनियर पुरुष तौहीद अहमद,लंबी कूद महिला जूनियर सीमा बानो, सोलह सौ मीटर सीनियर पुरुष अनमोल लंबी को सीनियर पुरुष आदित्य श्रीवास्तव लंबी कूद सीनियर महिला रेखा वर्मा,तथा कैसरगंज ब्लॉक से लंबी कूद सीनियर महिला प्रार्थना बाजपेई, 200 मीटर दौड़ महिला महक गुप्ता 400 मीटर की दौड़ में महिला छाया राव खो खो जूनियर समसुद्दीन सोला सौ मीटर दौड़ जूनियर पुरुष शैलेंद्र चंद्र यादव, लंबी दौड़ सीनियर पुरुष विष्णु प्रताप सिंह, दो सीनियर पुरुष सुशांत सिंह लंबी कूद जूनियर महिला प्रार्थना बाजपेई, महिला को को सीनियर अपेक्स इंटरनेशनल कॉलेज,वॉलीबॉल सीनियर पुरुष में हुकुम सिंह इंटर कॉलेज,सहित तमाम विद्यालयो के विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। तमाम विद्यालयो के शिक्षक गण अपने अपने विद्यालय के प्रतिभागी छात्र छात्राओ का हौसला अफजाई करते रहे। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. विनय प्रकाश सिंह महाविद्यालय के शिक्षक आशीष सिंह,दिव्या पोरवाल,यदवेंद्रा सिंह, राजन सिंह,ओम प्रकाश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम बीआरसी पर हुआ संपन्न

## जूनियर विद्यालय के शिक्षकों को दी गई तमाम जानकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। किशोर किशोरी सशक्तिकरण हेतु समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार मौजूद रहे। समग्र शिक्षा अभियान का नवाचार कार्यक्रम में स्थानीय विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय व कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश सेल्फ एस्टीम एंड बॉडी कानिफड्रेस प्रोजेक्ट के तहत तमाम जानकारी प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को दी। इस मौके पर अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि किशोरावस्था में शिक्षा को लेकर तमाम दिशा निर्देश शिक्षकों को प्राप्त हो रहे हैं। बालिका सशक्तिकरण एवं जीवन कौशल शिक्षा आज समय की आवश्यकता है। शिक्षकों को तमाम जानकारी समय–समय पर किशोर किशोरियों को देते रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है इसमें कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना था। प्रशिक्षण में कुल 101 विद्यालय के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का शुभारंभ 13 दिसंबर को हुआ था। इस मौके पर जनार्दन शुक्ला, प्रेम प्रकाश चौबे,आरिफ उस्मानी, बशीर हसन, खुश्तर अब्बास रिजवी, हरेंद्र सिंह, रामनाथ ,मुबारक अली, अखलाक हुसैन, रामकुमार वर्मा, मोहम्मद नदीम ,अहमद सईद, बशीर अहमद फारुकी, नीरज, कमल मोहनी, ज्योति, प्रीति ,फजल अब्बास रिजवी, रोहित कुमार आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





# नगर पंचायत को अपराध मुक्त रखने के लिए सीसीटीवी से होगी निगरानी

दिलीप श्रीवास्तव/दैनिक बुद्ध का सन्देश



डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। नगर निकाय के चुनावों की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है, ऐसे में अब अलग अलग पार्टियों के प्रत्याशी भी अपना टिकट कन्फर्म करने के लिए लगातार पार्टी पदाधिकारियों के सम्पर्क में बने हुए हैं तो साथ ही क्षेत्र में लगातार सक्रियता दिखा कर जनता और पार्टी में अपनी दमदार उपस्थित दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे ही एक शख्स हैं कथा वाचक पंडित राकेश शास्त्री जो



भाजपा से अपनी पत्नी के लिए टिकट की मांग कर रहे हैं, और लगातार क्षेत्र में अपनी सक्रियता बनाये हुए हैं। क्षेत्र में लगातार मिल रहे जन समर्थन से पंडित राकेश शास्त्री काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं अपनी उम्मीदवारी और योजनाओं के बारे में पंडित राकेश शास्त्री बताते हैं कि यदि पार्टी ने और नगर पंचायत की जनता ने उनको अपना आशीर्वाद दिया तो वो इस नगर पंचायत को रियल में आदर्श नगर पंचायत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में नगर पंचायत में कोई विकास का काम नही हुआ, उन्होंने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वो सड़क, नाली खड़ंजा, बिजली,साफ सफाई के साथ साथ जल निकासी की समस्या को दूर कर देंगे और पूरे नगर पंचायत को अपराध मुक्त रखने के लिए पूरे नगर पंचायत को सी सी टी वी से लैश कर दिया जाएगा, और हर बेटी के विवाह पर 4 कुर्सी,1 टेबल,1 बॉक्स और 5100 रूपये नगद दिया जाएगा वो बेटी किसी भी जाति, धर्म की हो। देश के कई राज्यों में और अपने राज्य के कई जिलों में एक कथा वाचक के रूप में अपनी पहचान बना चुके पंडित राकेश शास्त्री ने उम्मीद जताई कि जल्द ही वो भाजपा के टिकट से डुमरियागंज नगर पंचायत का चुनाव लड़ते हुए नजर आएंगे।

**Information**

It is to inform that my name has been mis-spelt in my ICSE 10th 2018 marksheet as Arnav Srivastav . It should be rightly spelt as 'Arnav Srivastava' for all purpose.

**Arnav Srivastava**
**Birdpur Siddharth Nagar**
**mob-8115349894**

# मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना का किया निरीक्षण







दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत पलिया टेकधर विकास खण्ड नौगढ़ में लघु सिंचाई विभाग में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अंतर्गत उथले नलकूप हेतु कराए जा रहे हैं, बोरिंग कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय विभाग के सहायक अभियंता अश्वनी कुमार शुक्ला ,अवर अभियंता ,बोरिंग टेक्निशियन एवं कृषक उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय उपस्थित लाभार्थी परशुराम के खेत में बोरिंग का कार्य चल रहा था, लाभार्थी द्वारा बताया गया कि पहले बोरिंग ना होने के कारण एवम नहर संचालन बन्द होने पर किसी अन्य के बोरिंग या किराए पर एवं प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता था स इस बोरिंग से खेती में सुविधा होगी स इसी प्रकार कृषक इजहार के खेत में बोरिंग का डेवलपमेंट का कार्य चल रहा था। जिसका निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किया गया। ग्रामवासी परशुराम पुत्र नोहर, इजहार पुत्र किताबउल्लाह, राजाराम पुत्र सोमई, राजेश पुत्र माधव, रामदेव पुत्र तीरथ, राजेश पुत्र जगदेव, विनोद पुत्र राजबली, राधेश्याम पुत्र चिंकू, गोकुल पुत्र ढेला, अवधेश पुत्र हरिराम, बंशीधर पुत्र बेचई, ओमप्रकाश पुत्र दीना आदि लाभार्थियों से योजना की जानकारी ली गई। ग्राम अन्य कृषको का बोरिंग पूर्ण हो चुका है, एवं कोई शिकायत प्रकाश में नहीं आई स सहायक अभियंता लघु सिंचाई सिद्धार्थनगर को निर्देशित किया गया कि जिन गांव में नहर नहीं है अथवा सिंचाई साधन उपलब्ध नहीं है वहा अधिक से अधिक कृषकों का का चयन करें तथा महिला तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषकों को वरीयता दें।

## भारत नेपाल सीमा की सुर्जी, सिंहोरवा बॉर्डर से पड़्वा तक तस्करी का धंधा जोरो पर

पंकज चौबेध्दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सीमा पर तैनात संबंधित विभागों के अधिकारी





निजी स्वार्थ के कारण मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसके चलते सीमा पर जहां सक्रिय संदिग्ध कार्यों में लिप्त तस्करो एवम् पेशेवर नाबालिक बच्चे कैरियरों के हौसले बुलंद हैं। जानकारों की माने तो वोर्डर से सटे गांव सुरजी में पड़वा तस्करों ने हव बना रखा है जहाँ से रात व सुबह में मवेशियों (पड़वा) को बोर्डर पार किया जाता है वही बॉर्डर व सुर्जी गाव से चंद कदमों के दूरी पर एसएसबी कैम्प भी है वॉडर पर तैनात तमाम सुरक्षा एजेंसियों की आंखों के सामने से नेपाल चले जाते है।

## रसोइया ने 12 सूत्रीय मांगो को लेकर किया धरना प्रदर्शन

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मिड डे मिल रसोइया कर्मचारी यूनियन ने 12



सूत्रीय मांगो को लेकर बीएसए कार्यलय पर धरना प्रदर्शन किया धरने की अध्यक्षता करते हुए जिला मंत्री विजय नाथ तिवारी ने बताया कि जनपद के अधिकांश विद्यालयों का दौड़ा किया गया जिसमे रसोइयों से मध्याह्न भोजन के अलावा अन्य कार्य करवाते हुए पाया गया जैसे विद्यालय की साफ सफाई व फिल्ड की साफ सफाई करवाना पाया गया और रसोइयों के मानदेय का प्रत्येक माह के 10 तारीख का भुगतान कर देना चाहिए तथा निजिकरण पर रोक लगाई जाय धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गीता देवी ने बताया कि पूर्व में कार्यरत रसोइयों को हटाया न जाय हटाई गई रसोइयों को पुनः बहाली किया जाय जब तक मांग नही सुनी जाएगी तब तक धरना किया जाएगा। धरने में उपस्थित सफीकुर रहमान, शांति देवी, निर्मला ,कांति, मालती, कुपाशंकर, संगीता, शत्रुधन, मंजू आदि लोग रहे मौजूद।

## पहले जीएसटी अब ड्रग कमिश्नर की दुकानों मे छापामारी, मच हडकंप





दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी/सिद्धार्थनगर। नगर मे बृहस्पतिवार को ड्रग कमिश्नर के दवा की दुकानों मे छापामारी से पूरे नगर मे हडकंप मच गया। इस छापेमारी से पूरे नगर मे जी एस टी के छापामारी की अफवाह फैल गयी और देखते ही देखते पूरे नगर की दुकानें बन्द हो गयी। ड्रग कमिशनर बस्ती मंडल के पी गुप्ता के नेतृत्व में नगर की चार दवा की दुकानों पर छापेमारी किया गया। छापे मे अमर मेडिकल स्टोर से दो सेम्पल कम्बीफ्लाम और एमलोकाइंड का पांच सेंपल लिया गया। बांबे मेडिकल स्टोर से चार हिंदुस्तान मेडिकल स्टोर से एक व नेशनल मेडिकल स्टोर से दो नमूने एकत्रित किए गए हैं। निरीक्षकों द्वारा बताया गया कि एंटी बायोटिक और जीवन रक्षक दवाईयों का नमूना लिया गया है। हिंदुस्तान मेडिकल स्टोर के पास प्रोपराइटर नहीं थे फार्मासिस्ट भी नहीं थे तीन दिन में वेरीफिकेशन करने का निर्देश दिया गया है। एकत्रित किए गए नमूने को परीक्षण हेतु वाराणसी भेजा जाएगा। मुंबई मेडिकल स्टोर के पास बिल नियम 65 के अनुरूप नहीं था क्रय विक्रय का हिस्सा भी मेंटेनेंस नहीं था इनको रेगुलर जारी करने का निर्देश दिया गया। नेशनल और अमर मेडिकल स्टोर के पास अन्य चीजें सामान्य पाई गई। छापे के समय सिद्धार्थनगर के औषधि निरीक्षक नवीन सिंह और बस्ती के औषधि निरीक्षक अरविंद कुमार के द्वारा कार्यवाही किया गया।

## आजीविका मिशन के तहत चलाया गया लिंग हिंसा के विरुद्ध अभियान

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड उसका बाजार के





अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सभी कार्यालयों पर खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार और थाना उसका बाजार के बाजार के प्रांगण में सभी अधिकारी कर्मचारी लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध शपथ लिया गया वहीं आजीविका मिशन द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगी और ग्राम विकास अभियान के तहत 25 नंबर 2022 से 23 दिसंबर 2022 तक लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार, रमेश, थाना अध्यक्ष बलजीत राव, संतोष गुप्ता आदि लोगो ने ली शपथ।

## प्रभावी शिक्षण हेतु टीयलयम आवश्यक- बीईओ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्राथमिक शिक्षा को सरल, सरस, गुणवत्तापूर्ण एवं बालोपयोगी बनाने में टीयलयम अर्थात सहायक शिक्षण सामग्रियों



का महत्वपूर्ण योगदान होता है. अतः सभी शिक्षक परिवेशीय संसाधनों से शून्य निवेश आधारित सस्ते, टिकाऊ एवं बहुपयोगी टीयलयम का निर्माण कर कक्षा शिक्षण में उनका प्रयोग अवश्य सुनिश्चित करें। बीआरसी नौगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय टीयलयम निर्माण कार्यशाला में उपरोक्त विचार बीईओ धर्मेन्द्र कुमार पाल ने व्यक्त किए. कार्यशाला में नौगढ़ ब्लॉक के प्रत्येक विद्यालय से एक–एक नोडल शिक्षकों ने भाषा, गणित एवं विज्ञान विषयों के रोचक एवं प्रभावपूर्ण शिक्षण के लिए विविध टीयलयम का निर्माण एवं प्रदर्शन किया. कार्यशाला के प्रथम दिवस जितेंद्र मिश्रा, किरन उपाध्याय, हुस्न आरा, शैलेष श्रीवास्तव, नीशू चतुर्वेदी, मीरा देवी, कामिनी सिंह, अमृता सिंह आदि ने भाषा एवं गणित विषयों के सरल एवं प्रभावी शिक्षण हेतु विविध टीयलयम का निर्माण एवं प्रदर्शन किया। प्रशिक्षक के रूप में धर्मेन्द्र सिंह, नियाज अहमद, विक्रांत त्रिपाठी, मदनलाल, धर्मेन्द्र चौधरी, जमील अहमद आदि की प्रतिभागिता उल्लेखनीय रही।

## टीवी मुक्त भारत का लिया गया शपथ



अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजारधसिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सरौली में प्रधान मंत्री के निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन के अंतर्गत क्षय रोग को जड़ से समाप्ति के संकल्प पूर्ती हेतु एक कदम आगे बढ़ाते हुए कल दिन गुरुवार को निक्षय दिवस मनाया गया जिसमे संभावित क्षयरोगियो की स्क्रीनिंग की विशेष व्यवस्था के साथ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सपना तिवारी द्वारा टीवी मुक्त भारत का शपथ लिया गया और जन समुदाय को टीवी के बारे में जागरूक किया गया जन समुदाय में एक हर्षोल्लास का माहौल रहा और लोगों ने शपथ लिया भारत जीतेगा टीवी हारेगा जिसमें ग्राम प्रधान जयप्रकाश, कोटेदार ओम प्रकाश आशा दुर्गावती, जन समुदाय के लोग सम्मिलित रहे।



## कोल्ड चौन हैंडलर की ट्रेनिंग का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सीएमओ ऑफिस सिद्धार्थनगर के अचल प्रशिक्षण केंद्र कोल्ड चेन के रखरखाव के लिए कोल्ड चौन हैंडलर की ट्रेनिंग का आयोजन सीएमओ सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता मे किया गया, इस इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके आजाद द्वारा सभी प्रतिभागियों को टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं गोल्ड चेन के रखरखाव के बारे में अवगत करवाया गया यूनिसेफ केडीएमसी अमित शर्मा द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को, कोल्ड चौन क्या है, इस में उपयोग होने वाले उपकरण एवं उनका रखरखाव के विषय में जानकारी दी गई साथी सार्वभौमिक टीकाकरण सारणी के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी यूनिसेफ द्वारा दी गई, यूएनडीपी से वीसीसीएम अनुराग शुक्ला द्वारा बताया गया कि किस प्रकार वैक्सीन का स्टॉक एवं रखरखाव किया जाना चाहिए, इस अवसर पर सभी सतीश पटेल संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार जाटव एवं सभी 14 ब्लॉक से कोल्ड चौन हैंडलर गंगाधर,द्विवेदी मनोज, कुमार केशव,शेलमणि चौधरी,विवेक, नंदा वती मोरिया, लवी, अशोक चौधरी, रामतीर्थ चौधरी, संतोष शर्मा, वीरेंद्र मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सरदार





वल्लभभाई पटेल की मनाई गई पुण्यतिथि, गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन शादिक अहमद अध्यक्षता अनिल सिंह अन्नू ने किया। मुख्य वक्ताओं में हरि शंकर लाल श्रीवास्तव, सुदामा प्रसाद, गुल मोहम्मद, आनंद श्रीवास्तव रहे। अपने संबोधन में अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह अन्नू ने कहा लौह सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1975 को गुजरात प्रांत के खेड़ा जिले में हुआ, और स्वर्गवास आज ही के दिन 15 दिसंबर 1950 को मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से हुआ था, सरदार बल्लभ भाई पटेल पंडित जवाहरलाल नेहरू के सरकार ने बतौर गृहमंत्री का सफल कार्य किया। आजादी की लड़ाई में सरदार वल्लभभाई पटेल पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ कदम से कदम मिलाकर देश को आजाद कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण किया, जिस समय तमाम लोग अंग्रेजों के सामने झुक गए सरदार बल्लभ भाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा महात्मा गांधी ने मिलकर देश को आजादी दिलाई और कूटनीतिज्ञ की तरह अंग्रेजों के हर तेवर का जवाब देते हुए देश को आजाद करवाया और बताओ और गृह मंत्री देश को मजबूत एवं सशक्त बनाने का कार्य किया। सिंह ने आगे कहा इसीलिए सरदार लभभाई पटेल को आज देश की जनता लौह पुरुष के नाम से जानती है,, अपने संबोधन में शंकर लाल श्रीवास्तव ने कहा आज देश को पंडित जवाहरलाल नेहरू और लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की बताए रास्ते पर चलकर देश को अखंड बनाने की जरूरत है। इस अवसर पर सुदामा प्रसाद, गुल मोहम्मद, रितेश कुमार त्रिपाठी, डॉ प्रमोद कुमार, उमाशंकर कसौधन, होरी लाल, आनंद श्रीवास्तव संतोष चौधरी, देवेंद्र राव, शौकत अली, जितेंद्र धर द्विवेदी, नियाज अहमद, ओमप्रकाश, अकरम अली, आदि की मौजूदगी रही।

## युवक को रील बनाना पड़ा भारी, ओवर ब्रिज से गिरा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सदर थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज बनाते समय युवक ओवर ब्रिज से गिरा और जख्मी हो गया घायल युवक का नाम अमर तिवारी पुत्र शत्रुधन तिवारी परसपुर अलीगढ़वा कपिलवस्तु का निवासी है ओवर ब्रिज पर रील बनाते समय युवक का पैर फिसलता है और ओवर ब्रिज के नीचे आ जाता है स्थानीय लोगो ने देखा और घायल युवक को जिला मेडिकल पर भर्ती कराया गया और युवक का हालत ठीक बताया जा रहा है और मेडिकल कालेज में युवक का इलाज चल रहा है।

## सम्पादकीय

**असल में इस बिल को मनमोहन सिंह की सरकार के समय राज्यसभा में पास किया गया था। रमेश ने संवैधानिक प्रावधान का जिक्र करते हुए बताया कि चूंकि राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है इसलिए वहां से पास होने वाला बिल हमेशा वैध बना रहता है। उनका कहना है कि करीब 11 साल पहले राज्यसभा से पास हुआ महिला ...**

# महिला आरक्षण बिल कब आएगा?



भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिला आरक्षण बिल के बारे में क्या सोच रही है, यह पता नहीं चल रहा है। बिना महिला आरक्षण बिल के ही महिलाएं भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में मतदान कर रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को अपराध बनाने का कानून बनाया तो कहा गया कि मुस्लिम महिलाएं भाजपा का साथ देंगी। मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने की उज्ज्वला योजना शुरू हुई तो कहा गय कि महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई और वो भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। लेकिन इन सबके बीच महिला आरक्षण की बात एक बार भी नहीं हो रही है। सवाल है कि उसके लिए किस मौके का इंतजार हो रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार यह बिल ला सकती है? ध्यान रहे एक समय था, जब भाजपा इस बिल का बहुत समर्थन करती थी लेकिन तब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए में शामिल कई दल इसके घनघोर विरोधी थे। यादव नेताओं की तिकड़ी यानी मुलायम सिंह यादव, शरद यादव और लालू प्रसाद यादव ने इसका विरोध किया था। अब मुलायम सिंह इस दुनिया में नहीं हैं और शरद व लालू यादव दोनों संसद में नहीं हैं। ज्यादातर पार्टियों ने विरोध छोड़ कर इसका समर्थन शुरू कर दिया है फिर भी इसे नहीं पेश किया जा रहा है। बिना किसी कानून के अपनी पार्टी में 30 से 40 फीसदी तक महिलाओं को टिकट देने वाली दो पार्टियों– तृणमूल कांग्रेस और बीजू जनता दल ने महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। इन दोनों पार्टियों पिछले चुनाव में एक तिहाई से ज्यादा टिकट महिलाओं को दी थी और एक मिसाल कायम की थी। ये दोनों पार्टियां संसद के शीतकालीन सत्र में इस बात की मांग कर रही हैं कि बिल पेश किया जाए। लेकिन केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी किसी खास मौके के इंतजार मे चुप बैठे हैं। संसद की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी इसका समर्थन किया है। बीजू जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने भी महिला आरक्षण बिल लाने की मांग की है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राजस्थान में कहा है कि यह बिल समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अब भी वैध और जीवित है। असल में इस बिल को मनमोहन सिंह की सरकार के समय राज्यसभा में पास किया गया था। रमेश ने संवैधानिक प्रावधान का जिक्र करते हुए बताया कि चूंकि राज्यसभा कभी भंग नहीं होती है इसलिए वहां से पास होने वाला बिल हमेशा वैध बना रहता है। उनका कहना है कि करीब 11 साल पहले राज्यसभा से पास हुआ महिला आरक्षण बिल अब भी जीवित है और सरकार चाहे तो उसे लोकसभा से पास करा कर कानून बना सकती है। सो, गेंद अब केंद्र सरकार और भाजपा के पाले में है। उसे फैसला करना है कि कब महिला आरक्षण लागू होगा।

# कायम है निजता का सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने निजता को बुनियादी अधिकार घोषित किया था। स्कूलों में बच्चों की निगरानी के मामले में इस फैसले का इम्तहान होगा। वैसे सीसीटीवी कैमरों की वजह से स्कूलों में अपराध कम हुए हैं, ये साबित करने वाले साक्ष्य मौजूद नहीं हैं। दिल्ली में ज्यादातर स्कूलों में फिलहाल सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि ऐसा छात्रों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। लेकिन अभी तक वह इस बारे में आश्वस्त करने में विफल रही है कि क्या स्कूली बच्चों का फुटेज सुरक्षित रहेगें और क्या डाटा सुरक्षा कानूनों से उन्हें सुरक्षा मिल पाएगी? कुछ आपराधिक घटनाओं के बाद छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने 2017 में स्कूलों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया था। खबरों के मुताबिक अब सरकार ने प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ा दिया है। जल्द ही सीसीटीवी की लाइव फीड एक पासवर्ड वाले पोर्टल के जरिए बच्चों के परिजनों को भी मुहैया कराई जाएगी। पिछले साल शिक्षा मंत्रालय ने स्कूल के फाटकों और दूसरी संवेदनशील जगहों पर भी कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए थे। दिशानिर्देशों के मुताबिक जरूरत पडने पर 15 दिनों का फुटेज स्कूल और अधिकारियों को मुहैया कराया जाएगा। जाहिर है, सरकार इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) जैसे इंटरनेट स्वतंत्रता के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों की आशंकाओं को दरकिनार कर दिया है। जबकि इन संगठनों को अंदेशा है कि सीसीटीवी कैमरे भला कम, नुकसान ज्यादा कर सकते हैं।

इस वर्ष जुलाई में आईएफएफ ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उसने आगाह किया था कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सीसीटीवी फुटेज को अनाधिकृत पहुंच हासिल करना संभव होगा। उसका नतीजा कल्पना से परे है और उससे होने वाले नुकसान की भरपाई भी संभव नहीं है। ऐसे संगठनों की यह बात तार्किक हैरू डेटा सुरक्षा कानून की ढाल के बिना ये कहना मुश्किल है कि बच्चों के सर्विलांस फुटेज का उपयोग होगा या दुरुपयोग। क्योंकि सुरक्षा के उपायों को लेकर सरकार ने समाज को आश्वस्त करने की जरूरत महसूस नहीं की है। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने निजता को संविधान प्रदत्त बुनियादी अधिकार घोषित किया था। साफ है कि स्कूलों में बच्चों की निगरानी के मामले में इस फैसले का इम्तहान होगा। वैसे विशेषज्ञों का दावा है कि सीसीटीवी कैमरों की वजह से स्कूलों में अपराध कम हुए हैं, ये साबित करने वाले डेटा और साक्ष्य मौजूद नहीं हैं।

# आईओए की कमान: बदलनी तो चाहिए तस्वीर

**फिर भी यह तो माना ही जा सकता है कि पीटी ऊषा खुद उम्दा खिलाड़ी रहीं हैं, इसलिए खिलाडियों की समस्याओं का समाधान जरूर करेंगी। यही नहीं अन्य खिलाडियों के सहयोग से आईओए यदि देश में ऐसा खेल माहौल बनाने में कामयाब हो जाता है, जिसमें हमारे खिलाड़ी ओलंपिक जैसे खेलों में डेढ़–दो दर्जन पदक ला सकें। वह अपने कार्यकाल में ऐसा कर सकीं तो उन्हें प्रशासक के रूप में खिलाड़ी की ...**

मनोज चतुर्वेदी

भारतीय खेलों में पिछले कुछ सालों से एक अच्छा ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यह ट्रेंड है खेल संगठनों का बॉस खिलाडियों का बनना। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अपने समय की बेहतरीन धाविका पीटी ऊषा देश के सर्वोच्च खेल संगठन भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर पहुंची हैं। पीटी ऊषा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। पाय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रहीं पीटी ऊषा ने 1980 के दशक में एशियाई खेलों सहित तमाम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदकों का अंबार जुटाया। पर उनका 1984 के लास एंजिल्स ओलंपिक की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से पिछड़कर कांस्य पदक से हाथ धोने को हमेशा याद किया जाता है।

पीटी ऊषा से पहले सिर्फ एक और खिलाड़ी महाराजा यदुविंद्र सिंह आईओए अध्यक्ष बने थे। उन्होंने 1934 में इकलौता क्रिकेट टेस्ट खेला था और वह 1938 में अध्यक्ष बने थे। भारतीय खेलों की कमान खिलाडियों को देने की मांग जमाने से की जाती रही है। पर पिछले कुछ सालों से इस तरफ ध्यान दिया जाना खेलों के स्वास्थ के लिए अच्छा संकेत है। हम सभी जानते हैं कि दुनिया के सबसे अमीर खेल संगठन माने जाने वाले बीसीसीआई की कमान कुछ सालों पहले देश के सफलतम टेस्ट कप्तानों में शुमार रखने वाले सौरव गांगुली के हाथों में थी।

अब उनकी जगह यह जिम्मेदारी एक अन्य क्रिकेटर रोजर बिन्नी के हाथों में सौंपी गई है। इसी तरह भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला, हॉकी इंडिया की कमान पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की के हाथों में दी गई। इसी तरह भारतीय फुटबाल फेडरेशन के अध्यक्ष भारतीय टीम के पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे बने हैं। इन संगठनों की कमान खिलाडियों के हाथों में आने के परिणाम अभी आने बाकी हैं। हम सभी जानते हैं कि आईओए पिछले काफी समय राजनीति का शिकार था।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने तो इस माह तक चुनाव नहीं कराने पर उसे निलंबित करने तक की चेतावनी दे दी थी। पर दो धड़ों के टकराव की वजह से चुनाव टलते आ रहे थे। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव संपन्न हो सके हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अवकाश प्राप्त न्यायाधीश नागेर राव की देखरेख में चुनाव कराए हैं। इन चुनावों के बाद लगता है कि स्वच्छ हवा का झोका खेल गतिविधियों को पटरी पर ला सकेगा। देश की सर्वोच्च खेल संस्था आईओए के अध्यक्ष पद पर पीटी ऊषा के पहुंचने में इसके नये बने संविधान ने अहम भूमिका बनाई है। असल में इससे पहले राष्ट्रीय खेल फेडरेशनों और राज्य एसोसिएशनों के प्रतिनिधि ही अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को चुना करते थे।

इसलिए पदाधिकारियों खासतौर से अध्यक्ष पद पर राजनेता या नौकरशाह ही पहुंच पाते थे, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में बने नये संविधान में इलेक्ट्रल कॉलेज में 33 राष्ट्रीय खेल फेडरेशनों के एक–एक पुरुष और महिला प्रतिनिधि, आठ पुरुष और महिला खिलाड़ी और दो एथलेटिक कमीशन के दो खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी सदस्य हैं। कुल 77 सदस्यों में 39 महिलाएं और 38 पुरुष इलेक्ट्रल कॉलेज में शामिल हैं। पीटी ऊषा का आईओए में साथ निभाने के लिए निशानेबाज गगन नारंग, पहलवान योगेश्वर दत्त, तीरंदाज डोला बनर्जी, टेनिस खिलाड़ी डोला बनर्जी आदि कई खिलाड़ी हैं। नये संविधान के मुताबिक अब सचिव पद खत्म कर दिया या है।

उसकी जगह अब सीईओ की नियुक्ति होगी। आईओए के चुने गए पदाधिकारियों की इक यह खूबी है कि पिछले काफी समय से दो धड़ों में बंटे रहे इस संगठन इन धड़ों से जुड़े एक–आदि को छोड़कर कोई नहीं है। नए पदाधिकायिों में कोषाध्यक्ष सहदेव यादव को जरूर ललित भनोट धड़े से जरूर माना जा रहा है। पर बाकी पदाधिकारी धड़ों से नहीं होने के कारण इस संगठन के अब सुचारू रूप से संचालन की उम्मीद की जा सकती है। पीटी ऊषा ने अध्यक्ष चुने जाने पर कहा भी है कि हमारी कोशिश होगी कि खिलाडियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़े। आईओए के दरवाजे हमेशा उनके लिए खुले रहेंगे।

पीटी ऊषा की अगुआई वाले आईओए में तमाम खिलाड़ी होने से यह तो फायदा होगा कि खिलाडियों की समस्याओं के समझने वाले होने से उनके हित वाली नीतियां बन सकेंगी। पर यह तब ही संभव हो सकेगा, जब ऊषा अपनी खिलाड़ी वाली छवि के हिसाब से ही काम करें। असल में केंद्र में शासित भाजपा सरकार ने इस साल पीटी ऊषा को राज्य सभा के लिए मनोनीत कराया था। आईओए चुनाव में भी उन्हें भाजपा समर्थित उम्मीदवार माना जा रहा था।

इसलिए उन्होंने राजनैतिक दल के हिसाब से काम किया तो बहुत संभव है कि वह बहुत सफल नहीं हो पाएं। फिर भी यह तो माना ही जा सकता है कि पीटी ऊषा खुद उम्दा खिलाड़ी रहीं हैं, इसलिए खिलाडियों की समस्याओं का समाधान जरूर करेंगी। यही नहीं अन्य खिलाडियों के सहयोग से आईओए यदि देश में ऐसा खेल माहौल बनाने में कामयाब हो जाता है, जिसमें हमारे खिलाड़ी ओलंपिक जैसे खेलों में डेढ़–दो दर्जन पदक ला सकें। वह अपने कार्यकाल में ऐसा कर सकीं तो उन्हें प्रशासक के रूप में खिलाड़ी की तरह ही दशकों तो याद रखा जाएगा।

# चुनाव परिणाम : समीक्षा तो भाजपा भी करे

**उत्तर प्रदेश और केंद्र का भाजपा नेतृत्व यह हमेशा ध्यान में रखे कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जगह–जगह अपने ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों का विद्रोह उसे झेलना पड़ा था। पुलिस प्रशासन के रवैये से मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारी तक क्षुब्ध और निराश थे। जिस क्षेत्र में जाइए वहीं लोगों की नाराजगी दिखती थी। अंततरू दो बातों ने लोगों को भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम करने ...**

अवधेश कुमार

चुनाव परिणाम कोई भी हो सार्वजनिक तौर पर पार्टियां अपने अनुसार उनका विश्लेषण करती हैं। हालांकि अंदर से सच्चाई जानने और समझने की कोशिश करती हैं ताकि भविष्य में वो गलतियां फिर ना दोहराई जाए जिनके कारण परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं आए। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोक सभा उपचुनाव तथा खतौली एवं रामपुर उप चुनाव परिणामों के संदर्भ में भी यही बातें लागू होती हैं। सपा और रालोद निश्चित तौर पर मैनपुरी और खतौली के परिणामों से प्रफुल्ल और उत्साहित होंगे। रामपुर से उन्हें धक्का लगा है, लेकिन इसका कारण वे अपनी दृष्टि से तलाश रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है।

भाजपा ने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कोई विश्लेषण इन चुनावों का नहीं दिया है, जिसे जमीनी वास्तविकता को समझने वाले स्वीकार कर लें। मैनपुरी में भाजपा ने इतनी बड़ी पराजय की कल्पना नहीं की थी। भाजपा के उम्मीदवार रघुराज शाक्य 2 लाख 88 हजार मतों से डिंपल यादव के हाथों पराजित हुए जो किसी दृष्टि से सामान्य नहीं माना जा सकता। 2019 लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव स्वयं उम्मीदवार थे तो उन्हें भाजपा उम्मीदवार प्रेम सिंह शाक्य ने जबरदस्त चुनौती दी और वे केवल 94000 वोट के अंतर से जीत सके। तो फिर जीत और हार का अंतर इतना बड़ा क्यों हुआ? भाजपा को इसी तरह खतौली विधान सभा उपचुनाव परिणाम पर भी कठोरता से मंथन करना चाहिए। विधानसभा चुनाव में उसके उम्मीदवार विक्रम सैनी वहां जीते थे, लेकिन हेट स्पीच मामले में उनकी सदस्यता चली गई थी।

जाहिर है, भाजपा को यहां विजय मिलनी चाहिए थी। इसके विपरीत रालोद के मदन भैया ने भाजपा की राजकुमारी सैनी को 22 हजार 165 वोटों से हरा दिया। विधानसभा चुनाव की दृष्टि से यह छोटी पराजय नहीं है। भाजपा यह कह कर आत्मसंतुष्ट हो सकती है कि रामपुर में पहली बार किसी हिन्दू प्रत्याशी और वह भी भाजपा की जीत हुई है। किंतु इन दोनों चुनाव परिणामों का क्या? मैनपुरी के बारे में यह कहना आसान है कि मुलायम सिंह की मृत्यु के कारण उपजी सहानुभूति में लोगों ने उनकी बहू को स्वीकार किया है।

कहा जा सकता है इसमें भाजपा जीत जाती तो बड़ी बात होती। किंतु प्रदेश के राजनीतिक वातावरण को देखें तो भाजपा ने रामपुर और आजमगढ़ लोक सभा उपचुनाव में सपा को पराजित किया। आगे इसका विस्तार मैनपुरी तक होना चाहिए था और खतौली तो भाजपा के हाथ से जाने का कोई कारण ही नहीं होना चाहिए। आखिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के समक्ष प्रदेश में कोई दूसरा नेता नहीं है। गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश इस समय हिन्दुत्व के प्रति जन आकषर्ण का सबसे बड़ा मॉडल भी है। उस दिशा में सरकार की नीतियां भी स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। मैनपुरी में ऐसा मानते हैं कि शिवपाल सिंह यादव के साथ आ जाने से जमीनी स्तर पर चुनाव का प्रबंधन काफी सशक्त हुआ। शिवपाल सपा में आ चुके हैं और अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि उनकी भूमिका बड़ी होगी। अखिलेश यादव से नाराज और बिखरे हुए पुराने सपाइयों और समर्थकों को इकट्ठा करने में शिवपाल यादव की भूमिका होगी। भाजपा ईमानदारी से अपने कार्यकर्ताओं से ही फीडबैक ले तो उसे इस संदर्भ में सच्चाई का पता चल जाएगा।

उत्तर प्रदेश और केंद्र का भाजपा नेतृत्व यह हमेशा ध्यान में रखे कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जगह–जगह अपने ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों का विद्रोह उसे झेलना पड़ा था। पुलिस प्रशासन के रवैये से मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारी तक क्षुब्ध और निराश थे। जिस क्षेत्र में जाइए वहीं लोगों की नाराजगी दिखती थी। अंततरू दो बातों ने लोगों को भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम करने और जिताने को विवश किया। लोगों के अंदर भय था कि सपा वापस हो गई तो अपराध का बोलबाला बढ़ेगा। दूसरे, केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कारण हिन्दुत्व एक प्रबल मुद्दा बना और उसके प्रति भी आकषर्ण था। मुसलमानों को एकमुश्त सपा के पक्ष में जाते देखने की भी विपरीत प्रतिक्रियाएं हुई। इसमें भाजपा को बहुमत मिल गया। उप चुनावों में वह स्थिति नहीं है। सच यह है कि सरकार वापस आने के बाद अनेक जगह पुलिस और प्रशासन का मनमाना रवैया फिर असभ्य तरीके से सामने आ रहा है। इसे संभालने की आवश्यकता है। पुलिस के व्यवहार के विरु द्ध लोगों में गुस्सा पैदा हुआ। गुंडागर्दी न हो, कानून–व्यवस्था कायम रहे इसके लिए पुलिस की वांछित भूमिका होनी चाहिए। इस समय प्रदेश की पुलिस वांछित भूमिकाओं की सीमा से बाहर आकर भी काम कर रही है। यह स्थिति होगी तो लोगों के अंदर गुस्सा पैदा होगा।

सच यह है कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को भी यह नागवार गुजर रहा था। खतौली से रामपुर में यह स्थिति थी। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि पुलिस सीमा से ज्यादा डर का वातावरण बना रही थी। 2017 से 2022 तक की सरकार में आम नेताओं–कार्यकर्ताओं की शिकायत थी कि थानेदार तक उनकी बात नहीं मानते। अगर किसी बात पर संघर्ष करिए तो मुकदमे होंगे, जेल में डाला जाएगा और सार्वजनिक रूप से पुलिस पिटाई भी कर सकती है। नई सरकार में इसकी समीक्षा करते हुए व्यापक सुधार होना चाहिए था। वह नहीं हुआ है। जमीन के कटु यथार्थ को उसी रूप में देखना होगा। इस समय पुलिस सामान्य मामलों में, जिनमें थाने से ही लोगों को छोड़ा जा सकता है, गिरफ्तारियां कर रही हैं और न्यायालय उनको मिनट में जमानत दे दे रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? कानून और व्यवस्था के नाम पर पुलिस प्रशासन की भूमिका इसी तरह रही तो कोई भी सरकार अलोकप्रिय हो सकती है।

श्रीकांत त्यागी प्रकरण में पुलिस–प्रशासन की भूमिका से पूरे समुदाय में नाराजगी पैदा हुई और वह अभी तक दूर नहीं हुई है। खतौली उपचुनाव में यह साफ देखा गया।




# जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारी, आम जन मानस को पड़ रही भारी

सेउता (सीतापुर)। जहां एक तरफ सूबे की सरकार ग्रामीण क्षेत्र के बिकास पर विशेष ध्यान दे रही है। वहीं लापरवाह जिम्मेदारों की गैरजिम्मेदारी की सजा आमजन मानस को भुगतनी पड़ रही है सरकार द्वारा तय समय पर काम न होना भी लोगो के लिए कभी कभी घटना दुर्घटना का कारण बन जाते है। जिसका ज्वलंत उदाहरण जनपद सीतापुर के विकास क्षेत्र के गांवों में देखने मिल रहा है। यहां पर काम सिर्फ सरकारी अभिलेखों में दर्ज रहता है। जमीनी हकीकत में नहीं अगर पुलिया बननी है तो पाईप लाकर डाल दिये जायेंगे। पुलिया का कार्य कब होगा यह स्वयम जिम्मेदारों को भी पता नहीं रहता। एक तरफ सड़क बनती है। दूसरी तरफ बिगड़ जाती है किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रत्यक्ष प्रमाण विकास क्षेत्र रेउसा इलाके के ग्राम पंचायत नगरौली का है। गांव के पूरब में गोबरहिया नाले पर बनी पुलिया कई वर्षों से जर्जर व रेलिंग विहीन है। जिसके निर्माण कार्य के लिए आये पाइप पोल नाले में भरे पानी में पड़े हैं। यह रास्ता नगरौली, सेमरा व कुशमौरा गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग को जोड़ता है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों लोगों का एवं छात्र-छात्राओं का भी आवागमन रहता है। जर्जर पुलिया में खतरनाक गड्ढे हो जाने के कारण इस रास्ते से बड़े वाहनों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। यदि जरा भी चूक हो जाये तो बड़ी घटना होने से नकारा नहीं जा सकता। नगरौली गांव निवासी रामलखन, संत लाल, लालता प्रसाद, मोहित गुप्ता आदि लोंगों ने बताया कि इस वर्ष बीते माह में आयी भीषण बाढ़ में इसी रेलिंग विहीन पुलिया से होकर अपने माँ के साथ खेत को बालक जा रहा था। रेलिंग विहीन एवं जर्जर पुलिया पर चल रहे पानी के तेज बहाव में बहकर गोबरहिया नाले के गहरे में पानी चला गया था जिसकी डूबकर जान चली गयी थी। यदि इस पुलिया रेलिंग बनी होती तो शायद बालक की जान बच सकती थी। लेकिन इस जर्जर एवं रेलिंग विहीन पुलिया में अभी तक कोई मरम्मत का मरहम नहीं लग पाया। इसी रास्ते से रोज की भांति किशोर इंटर कॉलेज सेवता विद्यालय को आने – जाने वाले छात्र – छात्राओं को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बाढ़ के समय में इस जर्जर एवं रेलिंग विहीन पुलिया पर काफी पानी भर जाने की वजह से दर्जनों छात्र-छात्राओं को करीब नौ से दस किलोमीटर दूर का रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है यदि इस जर्जर पुलिया की सही तरीके से मरम्मत करा दी जाये तो होने वाली घटना दुर्घटनाओं पर विराम लग सके और आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# वैक्सीन तभी प्रभावी जब सुरक्षित तरीके व सही तापमान पर रखी हो: सीएमओ

## कोल्ड चेन हैंडलर (आईओ) का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

सीतापुर। नियमित टीकाकरण की वैक्सीन के रखरखाव में निपुणता लाने के लिए जिले के सभी ब्लॉकों के कोल्ड चेन हैंडलर (आईओ) के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सीएमओ कार्यालय के सभागार में किया गया। दौ बैच में आयोजित हुए एक प्रशिक्षण में कुल 48 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। इन प्रशिक्षणार्थियों को खसरा, पोलियो, ओपीवी, वीसीजी, टीटी, डीपीटी और रोटा वायररस के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. मधु गैरोला ने कहा कि रोगों से बचाव के लिए टीके ज्यादा प्रभावी तभी साबित होते हैं। जब वैक्सीन सुरक्षित तरीके से और सही तापमान पर रखी हो साथ ही वैक्सीन लगाने वाला कर्मी भी वैक्सीनेशन के सभी नियमों का पालन करें। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कोल्ड चेन हैंडलर को यही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन के बेहतर रखरखाव को लेकर ई-विन (इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क) प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि आवश्यक प्रतिरक्षण सेवाओं को सुनिश्चित करने और बच्चों एवं गर्भवती माताओं के टीकाकरण के लिये ई-विन प्रणाली की भूमिका महत्वपूर्ण है। एसीएमओ एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीके सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को कोल्ड चेन उपकरण आईएलआर, डीप फ्रीजर, कोल्ड बॉक्स, वैक्सीन कैरियर, आइस पैक, थर्मामीटर आदि का उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण के सभी वैक्सीन एवं सिरिंज के उत्तम प्रबंधन के लिए ई-विन प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। ई-विन प्रणाली वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हर टीके को रखने की एक निश्चित अवधि होती है। इस दौरान भी उसे एक खास तापमान पर रखना होता है। अगर इसमें कमी या कोई असावधानी हुई तो टीका कारगर नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि वैक्सीन के रखरखाव व सही तापमान की निगरानी के लिए आईएलआर में टेंपरेचर लॉगर लगा रहता है। इसके जरिए तापमान की निगरानी ऑनलाइन की जाती है। कार्यक्रम के समापन मौके पर सीएमओ डॉ. मधु गैरोला ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर वैक्सीन कोल्ड चौन मैनेजर राजेश कुमार सिंह, नीरज नागर, सीएचएआई संस्था से शैलेंद्र, डब्ल्यूएचओ के डॉ. अपूर्व चौहान आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी (जिला स्वच्छता समिति) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नवनियुक्त ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में जूनियर इंजीनियर के परिचय लेते हुये उनसे अपेक्षा की है कि वह सभी लोग अपने कार्यों का निर्वाहन मानक के अनुसार व बिना किसी किसी भेदभाव व पक्षपात के करेंगे। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लक्षित ओ0डी0एफ प्लस ग्रामों में कार्यो की जानाकारी लेते हुये कहा कि तय समय सीमा के अन्तर्गत कार्यो को पूरा कर लिया जाये। उन्होंनें संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि वह सभी गांव वालों से वार्ता कर उनको समझाये कि एक घर में सिर्फ एक ही शौचालय दिया जायेगा। ताकि किसी ग्रामवासी को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े और वह फालुत में न दौडे। स्वस्च्छ भारत मिशन (ग्रा0) फेज-2 के अन्तर्गत नवसृजित पात्र लाभार्थियों की फीडिंग के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देशित किया जाये कि सभी लाभार्थियों की फीडिंग मानक के अनुसार ही की जाये। साथ ही उन्होनें फेज-1 में कराये गये कार्यों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी कार्य अपूर्ण है। उनको ससमय पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि फेज-2 में कराये गये कार्यों का जियो टैग हो रहा है वो मानक के अनुसार ही हो उसमें किसी भी प्रकार की डुप्लीकेट फोटो न अपलोड की जाये। इस पर विशेष ध्यान दिया जाये और इससे पहले भी जो जियो टैग हो चुके हैं। उनको भी पुनः से चेक कर लिया जाये। वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अन्तर्गत शौचालय निर्माण हेतु लाभार्थियों को हस्तांतरित की गयी धनराशि के उपभोग प्रमाण पत्र की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में प्रमाण पत्र नहीं दिये गये है। वह सभी जल्द से जल्द उपयोग प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दें। गोवर्धन योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उन्हीं गौशालाओं का चयन किया जाये जो सभी मानक को पूर्ण कर रही हो।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जानकारी लेते निर्देशित किया जाये जो भी कार्य हो रहे हैं वह मानक के अनुसार हो। उन्होंने बनाये जा रहे नापेड की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि लोगों को इसके उपयोग के बारे में जानकारी हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होनें निर्माणाधीन नालियों की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि सभी नालियां एक दूसरे से जुड़ी हों और उनमें मानक के अनुसार ठीक स्लोप हो ताकि नाली का पानी उसमें न रूकें। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिशचंद्र प्रजापति, एसीएमओ डा0 पीके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पति ने की दूसरी शादी तो पहली पत्नी ने पति पर लिखवाया मुकदमा

सीतापुर। पति ने की दूसरी शादी तो पहली पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत पत्नी ब्यूटी भौमिक स्योडारा थाना सौदारा जिला मुरादाबाद के द्वारा महोली कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि करीब 17 वर्ष पूर्व मेरे माता-पिता द्वारा मेरी शादी हिंदू रीति रिवाज से मिल्टन भौमिक पुत्र मुकुंद कुमार भौमिक निवासी ग्राम नेरी थाना महोली जनपद सीतापुर के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ समय तो हम दोनों का जीवन सुखमय बीता करीब 15 माह पूर्व मेरे पति मिल्टन भौमिक ने मुझे नेरी घर में ही कमरे में बंद करके गाली गलौज देकर मुझे घर से निकाल दिया। मैं अपने पिता के घर मुरादाबाद चली गई। कुछ महीनों बाद अपने पति के घर वापस आई तो पति मिल्टन भौमिक व उनके कंपाउंडर ने मुझे उल्टी-सीधी गाली गलौज कर डंडों से मारपीट कर मुझे घर से भगा दिया तथा अपनी दूसरी शादी कर ली। इस मामले को संज्ञान में लेकर महोली कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत सुनकर पति पर धारा 494, 498, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## महिला पुलिस कर्मियों ने इंटर कश्वलेज में पहुंचकर छात्र छात्राओं को किया जागरूक

हरदोई। थाना क्षेत्र के पलिया गांव में स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में पहुंचकर महिला पुलिसकर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए आत्मरक्षा के गुण सिखाए। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में महिला उपनिरीक्षक भाग्यवती के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि अब उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।किसी भी आपात स्थिति में वह डायल 112 एवं थाने के सीयूजी नंबर पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। महिला कांस्टेबल शिखा तिवारी ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं वह खुलकर बोले और चुप्पी तोड़े। आज के समय में महिलाएं हेलीकॉप्टर से लेकर ट्रेन एवं वैदिक यज्ञ भी करके अपनी समाज में भागीदारी कर रही हैं। इस मौके पर महिला कांस्टेबल सुप्रिया सिंह, रिमी भदोरिया, किरन वर्मा मौजूद रहे।

# शोपीस बने पंचायत भवन, नहीं खुलते ताले

पहला (सीतापुर)। सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपये खर्च करके इस उद्देश्य से पंचायत भवनों का निर्माण करवाया गया था कि ग्रामीणों को ग्राम पंचायत से संबंधित सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो और उन्हे मिलो दूर सरकारी दफ्तरों के चक्कर एन लगाने पड़े। मगर ब्लॉक पहला में सरकारी आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां उन्ही के मातहत अधिकारी कर्मचारी उड़ाते हुए देखे जा सकते है। ताजा मामला ब्लॉक पहला की ग्राम पंचायत सरैया महिपत सिंह, हुसैनपुर, सद्दूपुर, जसमंडा, कंचनपुर महरिया आदि में बने पंचायत भवनों में हर दिन ताला पड़ा रहता है और वहां कोई भी कर्मचारी नहीं आता है। जिससे ग्रामीणों मिलो दूर आफिसों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिनमें उन्हे खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब हो कि सरकारी आदेश के अनुसार पंचायत भवन में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, पंचायत मित्र, सफाई कर्मी, आशा बहु आदि जिनका रोजाना काम ग्रामीणों व ग्रामीणों का उनसे लगा रहता है। कर्मचारी पंचायत भवन पर बैठे जिसके लिए सरकार द्वारा लाखों करोड़ों खर्च करके हर ग्राम पंचायत पर पंचायत भवन बनवाया गया। जिसमें कंप्यूटर लाइब्रेरी अन्य तमाम प्रकार की सुविधाएं पंचायत भवन पर उपलब्ध करा दी गई हैं। जिससे की ग्रामीण लोगों के सभी कार्य उनकी ग्राम पंचायत में बिलकुल सरलता के साथ हो सके। लेकिन यहां तो पंचायत भवन खुलते ही नहीं है। जब पंचायत भवन खुलेंगे ही नहीं तो फिर सरकार द्वारा संचालित इस सारी सुविधाओं का फायदा ग्रामीणों को कैसे मिल सकेगा।

ज्यादातर पंचायत भवनों में लैपटाप लाइब्रेरी बैठने की कुर्सी भी नहीं है। ऐसे में सरकार का मंसूबा कैसे पूरा होगा यह सोचनीय विषय है। जब इस पूरे मामले को लेकर ब्लॉक पहला बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी से फोन के माध्यम से बात की गईं तो बीडीओ ने बताया कि जांचकर उचित करवाई करुंगा। अब देखना यह होगा कि सरकार के आदेशों का पालन न करने वाले पंचायत भवन पर ना बैठने वाले इन अधिकारियों पर उच्चाधिकारियों द्वारा सच में कोई करवाई की जाती है या फिर ऐसे ही चलता रहेगा।

# एसडीएम को शिकायती पत्र देकर लगाया आरोप

मिश्रिख (सीतापुर)। तहसील क्षेत्र के ग्राम सेमरा मजरा बिजौली निवासी विशुन कुमार पुत्र बुद्धा सिंह ने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही निवासी नत्थू, जदुनाथ, छविनाथ, सुरेंद्र पुत्रगण छोटकन्नू व प्रताप पुत्र सतनू आदि ने सरकारी चकमार्ग गाटा संख्या 114 रकबा 587 डिसमिल को जोतकर अपने खेतों में मिला लिया है। जिससे ग्रामीणों को अपने खेतों में ट्रैक्टर ट्राली आदि ले जाने हेतु कोई रास्ता नहीं रह गया है। सभी ग्रामीणों का कृषि कार्य बाधित हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा जब चक मार्ग छोड़ने का विरोध किया जाता है तो सभी आरोपी एक राय होकर आमादा फौजदारी हो जाते हैं। उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व निरीक्षक को नियमानुसार जांच करके कार्यवाही करने का निर्देश 14 दिसंबर को निर्गत किया था। लेकिन अभी तक राजस्व निरीक्षक द्वारा कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा सकी है। जिससे उपजिलाधिकारी का आदेश भी राजस्व निरीक्षक के सामने बौना साबित हो रहा है। इसी प्रकार विकासखंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत बिजौली के ग्राम प्रधान संजय राठौर ने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ब्लाक की ओर से ग्राम पंचायत बिजौली में अमृत सरोवर का निर्माण कराए जाने हेतु प्रांकलन तैयार होकर स्वीकृति मिल चुकी है। परंतु राजस्व विभाग द्वारा अभी तक गांव में स्थित तालाब की भूमि गाटा संख्या 424 का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। जिससे निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने तहसील के सम्बंधित क्षेत्रीय लेखपाल अथवा किसी अन्य वरिष्ठ लेखपाल से तालाब की भूमि गाटा संख्या 424 की पैमाइश कराकर अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु चिन्हित कराए जाने की मांग की है। मामले में उपजिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल को गाटा संख्या 424 का सीमांकन कराकर आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया है।

# विद्यालय बच्चों को एक अच्छा प्लेटफार्म देने का कार्य कर रहाः निर्मल वर्मा

बिसवां नगर (सीतापुर)। एलपिस ग्लोबल स्कूल में चल रहे वार्षिकोउत्सव कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद मंत्री व क्षेत्र के विधायक निर्मल वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने कहा कि विद्यालय में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर कार्यक्रमों से यह लगता है कि विद्यालय बच्चों को एक अच्छा प्लेटफार्म देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा मोदी व योगी की सरकार देश व प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा तकनीकी शिक्षा वह चाहे सरकारी हो या व्यक्तिगत उसे शैक्षिक आधार पर बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा आज देश एक महाशक्ति के रूप में अपना स्थान बना रहा है वह भी शिक्षा द्वारा ही संभव है। उन्होंने बच्चों द्वारा मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की और विद्यालय परिवार व अभिभावकों को बधाई दी। श्री वर्मा ने कहा मंच पर प्रस्तुत कार्यक्रमों से हम लोगों को भी सीख मिलती है। उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस विद्यालय ने क्षेत्र को ग्रामीण से शहरी बना दिया है। अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय प्रबंध समिति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य कविता शर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी उमंग राजवंशी, नितेश गोयल, मुदित सिंघल, अनुज सिंघल, हिमांशु नाथ सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक गण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रामपुर गढ़ोवा में लगा आधार कैम्प, अद्यतनीकरण और पंजीकरण हुआ पूरा

उन्नाव। विकासखण्ड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ोवा में आज अपराह्न आधार कैम्प लगवाकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के आधार अपडेट करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। छात्रों के खातों में हस्तांतरित होने वाली धनराशि के पहुँचाने में आवश्यक डीबीटी प्रक्रिया के पूर्ण होने हेतु आधार में सही जन्मतिथि व पूर्ण संसोधन अनिवार्य है, इसी कारण जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में बहुत से जिम्मेदार शिक्षकों व शिक्षक नेताओं के प्रयासों के पश्चात बीएसए उन्नाव की स्वीकृति मिलने पर इस व्यवस्था को अमलीजामा पहनाना सम्भव हो सका है। रामपुर गढ़ोवा न्यायपंचायत में पिछले एक सप्ताह से लगातार आधार कैम्प के द्वारा सैकड़ो बच्चों ने अब तक अपना आधार संसोधन करवाया है। रामपुर गढ़ोवा के शिक्षक प्रदीप वर्मा ने बताया कि आज विद्यालय में 27 बच्चों का आधार सही करवाया गया। जनपद से आये हुए मनीष पाण्डेय व अनुराग चौधरी ने तेजी से कार्यों को निपटाने का काम किया। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के अतिरिक्त बहुत से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने आधार कैम्प में आकर संसोधन व पंजीकरण करवाया। औरास के शिक्षक रतन शुक्ल व प्रदीप वर्मा के प्रयासों के उपरान्त सम्भव हुई व्यवस्था को पूर्ण कराने में शिक्षिका रमनजीत कौर व शाहेखुबा का योगदान प्रमुख रहा। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजीव संखवार व जिलामहामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया की इसी संदर्भ में गतमाह, महानिदेशक बेसिक शिक्षा को पीएसपीएसए संगठन के द्वारा सभी जनपदों की प्रत्येक न्यायपंचायत पर आधार अपडेट की समस्या से निजात पाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर, कैम्प लगवाने हेतु , ज्ञापन दिया गया था, जिसके परिणाम सामने हैं, धीरे धीरे सभी जगह पर इस कार्य को पूर्ण करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हरदोई युवा महोत्सव के मंच पर मॉडलिंग और फैशन का हुआ कार्यक्रम

## उत्कर्ष मिश्रा और परी सिंह बने मिस्टर एंड मिस हरदोई

हरदोई। हरदोई युवा महोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन करके की।

शहर के नुमाइश मैदान में आयोजित हरदोई युवा महोत्सव के भव्य मंच पर चली मिस्टर एंड मिस हरदोई प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में हरदोई के युवा मॉडल्स ने फैशन और मॉडलिंग का जलवा दिखाया एवं बेहद कड़ी टक्कर के बाद आखिर उत्कर्ष मिश्रा ने मिस्टर हरदोई एवं परी सिंह चौहान ने मिस हरदोई का खिताब हासिल किया।

नुमाइश मैदान में चल रहे युवा महोत्सव में .शाम फैशन और मॉडलिंग के नाम रही। आयोजन स्थल पर मिस्टर एंड मिस हरदोई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 25 युवाओं एवं 18 युवतियों ने मंच पर अपने मॉडलिंग के हुनर का जलवा बिखेरा। इस प्रतियोगिता के दौरान जज के रूप में मंच पर मौजूद , दीप संचार एवं खुशी दामिनी ने सभी मॉडल्स को गहराई से परखा एवं कड़ी प्रतियोगिता के बाद आखिरकार मिस्टर एंड मिस हरदोई का चयन किया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी विशेष टैग से नवाजा

प्रतियोगिता के दौरान दो राउंड आयोजित किए गए जिसमें सभी प्रतियोगियों कि शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का आकलन किया गया। एथेनिक राउंड में जहां प्रतिभागियों ने भारतीय परिवेश के साथ स्वयं को प्रस्तुत किया तो वही वेस्टर्न राउंड में पाश्चात्य परिधान के साथ प्रतिभागियों ने मंच पर गजब ढाया। अंत में हुए सवाल-जवाब राउंड में कई प्रतियोगियों को बेहद कठिनाई का सामना भी करना पड़ा। विभिन्न चुनौतियों को पार कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे लगभग एक दर्जन मॉडल्स ने अलग-अलग टाइटल हासिल किए। प्रतियोगिता में जतिन अवस्थी एवं सुहानी कुशवाहा प्रथम रनर अप रहे तो वही राज जैकर और जैस्मिन द्वितीय रनर अप बने। कड़ी प्रतियोगिता के बाद उत्कर्ष मिश्रा मिस्टर हरदोई एवं परी सिंह चौहान मिस हरदोई के रूप में चुने गए।विशिष्ट अतिथि में अल्का गुप्ता रही।लायन क्लब के हरि गोविंद सेठी ,अखिलेश गुप्ता ,श्याम जी ,गौरव भदौरिया रहे।

इस अवसर पर युवा महोत्सव के आयोजक अंशु गुप्ता, अभय शाह , शाश्वत गुप्ता रजत पाठक, सह आयोजक सुमित श्रीवास्तव भांनु , आलोकिता श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा ,पंकज अवस्थी, शिवा बाजपाई ,जाय सिंह , सुनील त्रिवेदी ,स्मृति मिश्रा , खुशी मिश्र वैभव श्रीवास्तव सहित युवा महोत्सव की पूरी टीम आयोजन स्थल पर उपस्थित रहे।

# बहू ने ससुर को पीटा,वीडियो वायरल

कानपुर। कानपुर में काकादेव थाना क्षेत्र में बुजुर्ग की बेरहमी से पिटाई का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामला शास्त्री नगर का है, जहां अरुण कुमार त्रिपाठी को उनकी बहू ने बहन के साथ मिलकर बीच सड़क में पीट डाला। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। उसमें बताया है कि उनकी बहू अर्चना उर्फ पूनम उनके मकान पर कब्जा करना चाहती है। इसके चलते वह आए दिन मारपीट और गाली गलौज करती है। आरोप है कि देर रात उसने सरेराह अपनी बहन मानसी के साथ मिलकर मारपीट की।

साथ ही उनका मोबाइल भी तोड़ दिया। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अर्चना और उसकी बहन मानसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बोलेरो की चपेट से ऑटो चालक की मौत

देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के बलटिकरा के पास . रात बोलेरो की चपेट में ऑटो आ गया। ऑटो का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर उत्तर टोला गांव निवासी धनंजय यादव (22) ऑटो चालक थे। परिजनों के अनुसार, रात में घर पर तीन लोग ऑटो बुक कराकर हाटा लेकर जाने के लिए आए थे। उन्हीं के साथ वह निकले थे। अभी महुआडीह थाना क्षेत्र के बलटिकरा के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही बोलेरो की चपेट में ऑटो आ गया। ऑटो चालक गंभीर रूप घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। चालक की मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। महुआडीह थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रात में हादसे में गौरी बाजार थाना क्षेत्र का एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली। उसे जिला अस्पताल भेजवाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। तहरीर न मिलने पर बोलेरो और चालक को छोड़ दिया गया। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सूर्य किरण संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय सेना नेपाल रवाना

सोनौली (महराजगंज)। भारत–नेपाल के बीच 16वां सूर्य किरण संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय सेना के 333 जवान और अधिकारी नेपाल रवाना हुए। 14 दिन तक चलने वाले संयुक्त युद्धाभ्यास में दोनों देशों के अधिकारी और सैनिक आतंकवादी गतिविधियों, युद्ध कौशल और तकनीक के साथ ही आपदा से निपटने की बारीकियां सीखेंगे। दोपहर 55 जीआरएफएफ के 18 अधिकारी, 25 जेसीओ और 290 जवान नेपाल में 16 वें सूर्य किरण संयुक्त अभ्यास के लिए सोनौली से होकर नेपाल रवाना हुए। बताया जा रहा है कि आतंकवाद से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों में भारत नेपाल के साथ हमेशा खड़ा है। दोनों ही देशों ने खुद को मजबूत बनाने के लिए और मुश्किल हालातों से निपटने के लिए कई प्रयास किए हैं जिसमें सफलता भी पाई है। दोनों देशों की सेनाओं ने पहले भी अपनी ताकत और क्षमता का प्रदर्शन किया है। आतंकवाद के साथ ही आपदाओं से निपटने के लिए यह युद्धाभ्यास बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। सूर्य किरण संयुक्त सैन्य अभ्यास आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए आने वाले समय में उपयोगी होगा। सैन्य अभ्यास में आतंकवाद से निपटने, आपदा प्रबंधन, स्पेशल ऑपरेशन, मानवीय कार्य, मुश्किल समय में मेडिकल एड के गुर सीखने के साथ आपसी रिश्ते और मजबूत होंगे। सोनौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि नेपाल में सूर्य किरण संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए 333 भारतीय सेना के जवान अधिकारी नेपाल रवाना हुए हैं।

## एक महीने तक चार घंटे मुंगलिन मार्ग बंद रहेगा

सोनौली (महराजगंज)। नेपाल का मुख्य मुंगलिन–नारायणगढ़ मार्ग 20 दिसंबर से एक महीने के लिए चार घंटे प्रत्येक दिन बंद रहेगा। नेपाल सड़क विभाग के अनुसार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सड़क बंद रहेगी, क्योंकि उस खंड में सिमलताल, कालीखोला, तुइनखोला और चिसेनजी नदी पुलों के निर्माण के लिए पहाड़ों को काटने का काम होगा। परियोजना के अनुसार कठिन भौगोलिक संरचना के कारण सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अप्रोच रोड और पुल बनाने के लिए वाहनों को रोका जा रहा है। सड़क विभाग के महानिदेशक अर्जुनजंग थापा ने कहा कि मुश्किल पहाड़ियों को काटकर मुंगलिन से नारायणगढ़ जाने वाले खंड पर चार पुलों का निर्माण करने के कारण कुछ समय के लिए यातायात को रोकना मजबूरी है। इस मुख्य मार्ग पर सबसे ज्यादा भारतीय मालवाहक वाहन और पर्यटक बसे गुजरती हैं।

## क्षय रोगियों को उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने लिया गोद

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवा,महराजगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौतनवा में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी के नेतृत्व

**■ कैम्प लगा कर क्षय रोगियों में बांटा पुष्टाहार दिया हर सम्भव मदद का आश्वासन**




में सामुहिक स्वास्थ्य केंद्र नौतनवा में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम निरूक्षय दिवस के अवसर पर गरीब और असहाय लोगों को पौष्टिक आहार व कंबल वितरण कर, उन्हें गोद लिया। पौष्टिक आहार में अंडा, मूंगफली दाना, चना, दलिया, चवनप्राश, दवा की पुरी किट, कंबल दिया गया। डॉ वीरेंद्र आर्य जिला क्षय रोग अधिकारी ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से, डॉ.अमित राव गौतम, अधीक्षक रतनपुर, डॉक्टर अखिलेश यादव, राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, संदीप पांडेय, डॉक्टर राजीव शर्मा, डॉ नीना वर्मा ने, लोगो को इसके प्रति जागरूक किया। इस मौके उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारी गण, पंकज श्रीवास्तव, राजा श्रीवास्तव, मनोज टिबड़ेवाल, उमाकान्त मद्धेशिया, अनिल श्रीवास्तव, सी ए अभिषेक जायसवाल, पुनीत अग्रहरी, प्रितेश अग्रहरी, मनोज गुप्ता, गणेश मद्धेशिया, दिनेश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# 442 युगलों ने थामे एक–दूसरे के हाथ, जीवन भर निभाएंगे साथ

महराजगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत जिले के पांच स्थानों पर विवाह का आयोजन हुआ। इसमें पंजीकरण कराने वाले 481 युगलों में से 442 युगलों ने एक–दूजे का हाथ थामा तथा जीवनभर साथ निभाने का वायदा किया। नवविवाहित दंपतियों में 163 अन्य पिछड़ा वर्ग के, 201 अनुसूचित जाति के, 75 अल्पसंख्यक वर्ग के तथा तीन सामान्य वर्ग के शामिल रहे। विकास भवन परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह के लिए कुल 106 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 95 जोड़ों की शादी कराई गई। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के 34, अनुसूचित जाति वर्ग के 57 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के चार जोड़ो का विवाह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से मां–बाप की मुश्किलों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि हर वर्ग के लोग योजना का लाभ उठा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने सभी जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाज कल्याण अधिकारी शंकरलाल ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. सुशांत सिंह ने किया। इस दौरान रामप्रीत, नीतिन, चंदन समेत अन्य लोग मौजूद रहे। अन्य चार स्थलों पर परिणय सूत्र में बंधे 347 युगलः धानी बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक धानी ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 120 युगलों का विवाह संपन्न हुआ। बतौर अतिथि रवि श्रीवास्तव, योंगद्र नाथ त्रिपाठी व जिला विकास अधिकारी आरके पांडेय ने वर–वधू को आशीर्वाद देकर उनके बेहतर भविष्य की कामना की। नौतनवां प्रतिनिधि के मुताबिक रतनपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पंजीकरण कराने वाले 129 में से 111 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। विधायक ऋषि त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख राकेश मद्धेशिया ने वर–वधू को आशीर्वाद दिया।

परतावल प्रतिनिधि के मुताबिक परतावल ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल पंजीकृत 42 में से 35 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा व वेदप्रकाश, बीडीओ रजत गुप्ता ने वर–वधू को आशीर्वाद दिया। निचलौल प्रतिनिधि के मुताबिक ब्लॉक परिसर में पंजीकरण कराने वाले 89 में से 81 जोड़ों का विवाह कराया गया। अतिथि के रुप में रमाशंकर गौतम व कोदई निषाद ने वर–वधू को आशीर्वाद दिया। नोडल अधिकारी व अन्य कर्मियों ने मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। भोजन व पानी को लेकर दुरुस्त रही व्यवस्थाः पिछले सामूहिक विवाह में परतावल में भोजन में कमी मिली थी, जिसे सुधार करते हुए इस बार आयोजकों ने भोजन व पानी की बेहतरी पर विशेष नजर बनाए रखा।

## कोचिंग से आ रही छात्रा से सरेराह छेड़खानी

देसही देवरिया। कोचिंग से लौट रही छात्रा से एक युवक ने सरेराह छेड़खानी कर दी। छात्रा के विरोध करने पर उसने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर लोगों के जुटने पर आरोपी फरार हो गया। मनबढ़ युवक छात्रा के पिता पर पुलिस को दी तहरीर वापस लेने का दबाव बना रहा है। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा 26 नवंबर को कोचिंग करके घर लौट रही थी। इसी बीच एक युवक उसके पास आकर फब्तियां कसने लगा। उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा। विरोध करने पर उसने चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच पीड़िता का शोर सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर जुट गए। अपने को घिरते देखकर आरोपी युवक छात्रा को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। सहमी छात्रा ने घर पहुंचकर आपबीती बताई। परिजनों के साथ पीड़िता ने 27 नवंबर को थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। अभी पुलिस मामले में कोई कार्रवाई करती तभी आरोपी ने पीड़िता के पिता के मोबाइल फोन पर 10 दिसंबर को फोनकर तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया। पिता ने तहरीर वापस लेने से मना कर दिया। इसके बाद उसने छात्रा से रेप और पिता की हत्या करने की धमकी दी।

पिता ने थाने पहुंचकर दूसरी तहरीर देकर परिवार के जान–माल की सुरक्षा की पुलिस से गुहार लगाई। लेकिन अभी तक पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। डर से छात्रा कोचिंग भी नहीं जा रही है। वहीं, घर के लोग सहमे हुए हैं। इस संबंध में एसओ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ समपन्न कुल 112 जोडो की हुई शादी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

रतनपुर,नौतनवा। बुधवार को नौतनवा ब्लाक के रतनपुर स्थित विशम्भर





**■ नौतनवा विधान सभा मे सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे कुल 113 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिसमे नौतनवा ब्लाक से 89 व लक्ष्मीपुर ब्लाक से 24 लोग शामिल थे**

नाथ जनता इण्टर कालेज के प्रांगण मे 112 जोडों की शादी सम्पन्न हुई जिसमे नौतनवा ब्लाक से 84 व लक्ष्मीपुर ब्लाक से 24 वर–वधू वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल हुए। सामूहिक विवाह समारोह मे हिन्दू धर्म से 55 जोडों की शादी पण्डित सर्वेश्वर त्रिपाठी, बौद्ध धर्म से 44 जोडों की शादी भन्ते महिपाल ने एव इस्लाम धर्म से 9 जोडों की शादी काजी मोहम्मद असफाक अहमद खान, सहयोगी हैदर अली ने कराई। नव दंपती को शासन द्वारा वैवाहिक उपहार देकर उन्हें विदा किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमरनाथ पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया, डीपीआरओ यावर अब्बास, सामूहिक विवाह कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एडीओ समाज कल्याण ऋषिकेश, एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, एडीओ आईएसबी अब्दुल गफ्फार, एपीओ शशिकांत, एडीओएसटी अरविंद कुमार वर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता अखिलेश तिवारी राजेश्वरसिंह, नौतनवा चेयरमैन गुड्डू खान, राधेश्याम सिंह, बच्चूलाल चौरसिया, विशम्भर नाथ जनता इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पाण्डेय, ग्राम पंचायत सचिव रामरतन यादव, देवेन्द्र यादव, जयहिंद भारती, अमरेन्द्र पटेल, विष्णु प्रिया, सुनीता केशरी, अशोक पासवान, अमरेन्द्र राज यादव, उमेश यादव, दिनेश राय ,संतोष गुप्ता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पाण्डेय, करूणेश पति त्रिपाठी, प्रभाकर मिश्र सहित तमाम ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## न्यायालय के आदेश पर महिला समेत आठ पर जालसाजी का केस

सलेमपुर। फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एक महिला समेत आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। केस दर्ज होने के बाद निबंधन कार्यालय समेत क्षेत्र में खलबली मच गई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा गांव की इसरावती देवी पत्नी स्व. गोपाल का आरोप है कि उसके पति का निधन काफी दिन पूर्व हो गया। उसकी केवल पुत्री है। गांव के कुछ लोग उसका हक और हिस्सा हड़पने के नियत से उसकी जेठानी गुलाबी देवी को खड़ा करा 16 मई 1998 में फर्जी तरीके से बैनामा करा लिए। इसकी जानकारी पीड़िता को हुई तो इस बारे में पूछताछ की। इसको लेकर मनबढ़ों ने उसकी पिटाई कर दी। जिसकी सूचना पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक को रजिस्ट्री कर घटना की जानकारी दी, लेकिन वहां से भी न्याय नहीं मिला। इसके बाद 21 मार्च 2022 को पीड़ित महिला ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने . देर शाम बिशनपुरा गांव निवासी विजय शंकर पांडेय, गुलाबी देवी, मदन मोहन पांडेय, विवेकानंद पांडेय, अखिलेश्वर पांडेय, प्रद्युम्न पांडेय व कोतवाली थाना क्षेत्र के हरैया व अहिरौली लाला गांव निवासी कृष्ण कुमार व अंजनी कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी समेत कई गंभीर मामलों में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर एक महिला समेत आठ लोगों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## नटवा जंगल में हुई लूट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

महराजगंज। पनियरा थाना क्षेत्र के नटवा जंगल में हुई लूट की घटना का पर्दाफाश पुलिस ने कर दिया। इसमें शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि लूट की घटना रात में हुई थी। कृष्णा जायसवाल निवासी रूपनपुर नटोयी थाना सारनाथ जनपद वाराणसी ने इस प्रकरण में तहरीर दी थी। वह उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक पिपराइच, कबाडी रोड में सीओ क्रेडिट अफसर के पद पर कार्यरत हैं। 13 दिसंबर को वह अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम रजौड़ा में गोष्ठी करके वापस पिपराइच जा रहे थे। नटवा जंगल में रात में मोटरसाइकिल सवारों रोक कर 65,948 रुपये छीनकर फरार हो गए।

पुलिस इस मामले में त्वरित जांच पड़ताल शुरू कर दी। रात में एक आरोपी दबोच लिया गया। उससे पूछताछ में मिले क्लू के आधार पर पुलिस टीम ने भलुआने जंगल से शीतलपुर के रास्ते पर दूसरे आरोपी निराला उर्फ गौरव को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी निराला निवासी ग्राम रजवाड़ा कला बड़का टोला थाना पनियरा, अभिषेक निषाद उर्फ गोलू निवासी ग्राम गुना थाना पनियरा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। जबकि मनीष सिंह निवासी रामपुर की तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

**शौक पूरा करने के लिए करते थे ऐसी घटना**

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि शौक पूरा करने के लिए रकम नहीं थी। जिससे ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर अपने शौक को पूरा किया जाता था। कृष्णा जायसवाल के बारे में पहले पूरी तरह से जानकारी ली गई, इसके बाद सुनसान स्थान देखकर रकम छिना गया। आरोपियों के पास एक तमाचा एव कारतूस भी बरामद हुआ है।

## माँ कात्यायनी के कल्याण के लिए प्रार्थना सभा सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। मां वैष्णवी वेद



विज्ञान परिषद के तत्वावधान में गोला क्षेत्र के रानीपुर में स्थित कात्यायनी माता मंदिर ब्राह्मण समाज के कल्याण हेतु एक प्रार्थना सभा आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा मां की स्तुति करते हुए दुर्गा चालीसा का 9 आवृत्ति पाठ किया गया एवं ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसके अंतर्गत मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद के प्रमुख महेश आनंद त्रिपाठी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी वर्ग के उत्थान के लिए उस वर्ग को सभी मतभेदों को भूल कर एक होना ही पड़ता है। क्योंकि एकता ही मजबूती की सबसे बड़ी चाबी है। आज के परिपेक्ष में वामपंथी, चरमपंथी, अतिवादी, जातिवादी लोगों बहुतायत है। जिनके कारण समाज में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में ब्राह्मण समाज को एक होकर मजबूती से असामाजिक तत्वों का डटकर मुकाबला करें एवं सनातन वैदिक संस्कृति को आगे ले जाने के लिए मजबूत नेतृत्व प्रदान कर नई दिशा और दशा प्रदान करें बैठक में विचारों के उद्बोधन को आगे बढ़ाते हुए मां वैष्णवी विज्ञान परिषद के महासचिव एवं प्रभारी विद्वत प्रकोष्ठ आचार्य जितेंद्र राम त्रिपाठी जी अपने वक्तव्य में कहा कि इस वक्त के विषाक्त माहौल में जब हमारा समाज भ्रमित है तो ब्राह्मण समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि वह आगे आकर सनातन संस्कृति का नेतृत्व प्रदान करें ताकि मां भारती के आंचल में निवास करने वाले सभी भगवती के संतति को अचल भक्ति एवं सुख समृद्धि की प्राप्ति हो आगे बैठक को संबोधित करते हुए मां वैष्णवी वेद विज्ञान परिषद के निधि प्रमुख गोरखनाथ चतुर्वेदी ने कहा कि जब जब ब्राह्मण कमजोर हुआ है तब तक देश को आपदा झेलनी पड़ी है अतः देश हित में ब्राह्मण सारे मतभेदों को भूलकर एक होने का कार्य करें आगे बैठक में श्री विच्छेश जी ने ब्राह्मण को एक होने का अपील किया तो वही कुंदन राज पांडे जी ने ब्राह्मण जाति को धरा का सर्वश्रेष्ठ जाति बताते हुए श्रेष्ठ कर्मों को संपादित करने हेतु आगे आने के लिए अपील किया बैठक में गगहा ब्लाक के प्रभारी आलोक जी ने कहा कि ब्राह्मण जाति को एकत्र करने के लिए मैं अपना सर्वस्व न्योछावर कर दूंगा तथा ब्राह्मण के आन मान शान के सजक प्रहरी बनकर कार्य करता रहूंगा बैठक में बड़हलगंज ब्लॉक से आए कट्टरवादी ब्राह्मण नेता आचार्य अमित त्रिपाठी उर्फ बिट्टन बाबा ने ब्राह्मण हित में समर्पित रहने हेतु संकल्प दोहराया बैठक में मुख्य रूप से संतोष पांडे,देवेंद्र पांडे, रविंद्र पांडे, सुरेंद्र कुमार, पुजारी जी एवं मंदिर के पुजारी संतोष जी सहित अनेकानेक लोग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया अभ्युदय पब्लिक स्कूल राजगढ़ के संस्थापक के 17 वीं पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के अभ्युदय पब्लिक स्कूल राजगढ़ के



संस्थापक स्व दिवेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी के 17 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपने पिता को श्रद्धांजलि देते हुए विद्यालय के प्रबंधक डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी ने कहा–मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। समाज के कमजोर तबके की भलाई के लिये यथा योग्य समर्थ लोगो को आगे आना चाहिए। कम्बल वितरण कार्यक्रम में 101 गरीब असहायों विधवाओं को सामाजिक दूरी व मास्क के साथ कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय के निदेशक सजंय पांडेय,डॉ रविन्द्र त्रिपाठी,डॉ सचिन्द्र त्रिपाठी, वीरेंद्र तिवारी, शास्वतत्रिपाठी, प्रधानाचार्य पी के जायसवाल ,पन्ना लाल, सुनील सिंह, आनन्द, श्रीराम ,अनिल, ए एन पांडेय, अवधेश, आर के पांडेय व विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# सोनांचल में कांग्रेस को मजबूत करना मेरी पहली प्राथमिकता: ऊषा चौबे

## कहा–19 को भारत जोड़ो यात्रा में महिलाएं बढ़ चढ़कर करेंगी शिरकत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। महिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे ने बृहस्पतिवार को रॉबर्ट्सगंज स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने मुझ पर विश्वास कर जो दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी कि सोनभद्र में महिला कांग्रेस को हरा स्तर पर मजबूत किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्यायों को लेकर महिला कांग्रेस सड़को पर दिखेगी। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष उषा चौबे ने कहा कि बीजेपी सरकार में महिलाएं सुरक्षित नही हैं, महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है और




कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त है। हत्या, बलात्कार और लूट की घटनाएं आये दिन घटित हो रही है। महंगाई आसमान छू रही है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर, और खाद्य पदार्थों के दामों में कई गुना बृद्धि से आम जनता संत्रस्त है। ऐसे में महिलाओं को घर संभालना मुश्किल हो रहा है। आगे चौबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का आज 100वां दिन है। राहुल गांधी देश की आमजनता की समस्यायों को लेकर संघर्ष कर रहे है देश को जोड़ने का काम कर रहे हैं जिसका लोगों द्वारा भरपूर समर्थन किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनका त्याग और संघर्ष कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने ने यह भी कहा कि भारत जोड़ो यात्रा यूपी कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में आगामी 19 दिसम्बर को सोनभद्र आ रही है। इस यात्रा में हजारों की तादात में महिला कांग्रेस से जुड़ी महिलाएं शामिल होंगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह, जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा, रेणु शुक्ला, कबूतरी देवी, रीमा, राजकुमारी, नीलम, सीमा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अपना दल एस ने मनाया बल्लभभाई पटेल का परिनिर्वाण दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) के निर्देशन पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के अध्यक्षता में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के परिनिर्वाण दिवस जिला कार्यालय ब्रह्मनगर रावटसगंज में मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि 'जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण पटेल' विशिष्ट अतिथि 'राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य दिनेश बियार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने खंड खंड भारत को अखंड भारत का स्वरूप दिया जिन्होंने 562 रियासतों के अलावा 'जूनागढ़ हैदराबाद' जैसे रियासतों को एक किया था। और विशिष्ट अतिथि ने कहा कि हम सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल होते तो जम्मू कश्मीर का मसला 5 अगस्त 2019 तक नहीं फंसा रहता। कार्यक्रम में अपना दल एस के उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन 'जिला महासचिव राजकुमार बौद्ध ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल दयालु, म्योरपुर ब्लाक प्रमुख मान सिंह गौंड, वरिष्ठ नेता सुजीत पटेल, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच महताब आलम, जिला महासचिव शिबू खान, मीडिया प्रभारी विकास पटेल, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर पटेल, पंचायत मंच जिला अध्यक्ष नवनीत सिंह, आशिफ अहमद, इंजीनियर के डी जी, सुनील पटेल, पवन पटेल, राजेश कुमार, कल्लू राम पटेल, राजेंद्र पटेल, विक्रम सिंह और पार्टी के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अज्ञात ट्रैक्टर ने 20 वर्षीय युवक को कुचल कर मौके से फरार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। थाना देवां क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बबुरीगांव देसी शराब ठेके के पास रात 9.00 के करीब एक धान से लदी अज्ञात ट्राली व ट्रैक्टर ने एक 20 वर्षीय युवक को कुचल कर मौके से फरार हो गया युवक की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवारिक जनों में कोहराम सा मच गया जिनका रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक का नाम बृजेंद्र कुमार यादव उम्र 20 वर्ष पुत्र नागेश्वर प्रसाद ग्राम खरेहटा व ग्राम पंचायत गंगवार जनपद बाराबंकी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों से प्राप्त सूचना अनुसार डायल 112 को सूचना दी गई वही मौके पर मौजूद बबलू यादव के द्वारा मोबाइल के माध्यम से थाना देवां प्रभारी को कई बार सूचना देने का प्रयास किया लेकिन फोन नहीं लग पाया मृतक बृजेंद्र कुमार यादव का शव वहीं कई घंटों तक घटना स्थल पर पड़ा रहा काफी समय बाद पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से बात करने के उपरांत मित्तई चौकी वा थाना देवां पुलिस मौके पर पहुंचते ही मामले को संज्ञान में लेकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा दिया है व थाना देवा पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लेकर एफ आई आर दर्ज कर ली है। और आगे की अग्रिम कार्रवाई करने में जुटी हुई है।



## चीफ जस्टिस ने न्यायपालिका के रिकॉर्ड रूम का किया शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। सिविल कोर्ट में बने नए प्रशानिक भवन का उद्घाटन



व नए रिकॉर्ड रूम के निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बाराबंकी के प्रशानिक न्यायमूर्ति विवेक वर्मा, सीनियर हाईकोर्ट जज मनोज मिश्रा ने इलाहाबाद से ही बी सी लिंक के माध्यम से बाराबंकी की न्यायपालिका को गौरवान्वित किया। बाराबंकी के जिला जज रवींद्र नाथ दुबे, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीछक दिनेश कुमार सिंह, जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, पारिवारिक न्यायाधीस, अपर जिला जज सहित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, व अन्य न्यायिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। नए प्रशानिक भवन व रिकॉर्ड रुम बन जाने से न्यायपालिका के जजों व कर्मचारियों ,अधिवक्ताओं वादकारियों को काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन अपर जिला जज राजीव माहेश्वरम ने किया आभार अपर जिला जज आनंद सिंह ने किया।

## पूर्वांचल राज्य जन मोर्चा ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। गुरुवार की शाम को अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा द्वारा राबर्ट्सगंज नगर



के स्वर्ण जयंतीचौक पर सरदार बल्लभ भाई पटेल की 72 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बारडोली आंदोलन में सफल होने पर वहां की महिलाओं द्वारा उन्हें सरदार की उपाधि दी थी। वे स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री रहे उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने देश एकीकरण हेतु 565 रियासतों को एक सूत्र में बांधा और देश के विकास के कार्य के लिए योगदान दिया एवं अखंड भारत की योजना बनाकर उस पर काम किया। मौके पर मानवाधिकार प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार सोनी ने कहाँ कि 15 दिसंबर 1950 को भारत के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का स्वर्गवास हुआ था यदि वह कुछ वर्ष और जी जाते तो पाकिस्तान–चीन से सीमा विवाद का स्थायी समाधान अब तक हो जाता। इस मौके पर जगदीश पटेल, जिलाध्यक्ष शिवप्रकाश चौबे, संदीप जायसवाल, रवि श्रीवास्तव, दिनेश राजभर, राजेश तिवारी, गोविन्द, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## थाना विण्ढमगंज पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये किया पैदल गश्त

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में



जनपद में शांतिध्कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा रैपिड एक्शन फोर्स के साथ कस्बा विण्ढमगंज में पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग की गयी। इस दौरान सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के सम्बंध में सम्बंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। पैदल गश्त करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता की गयी एवं इस दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़–भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियोंध वाहनोंध्वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मा में मनाया गया निश्चय दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मा में जिला क्षय



रोग अधिकारी आर जी यादव के दिशा निर्देशन में निश्चय दिवस मनाया गया कुल 27 टीवी संभावित मरीजों का बलगम नमूना संग्रह किया गया जिसकी जांच उपरांत दवा चलेगी उक्त अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुन्ना प्रसाद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक इंद्रेश पांडेय एल टी अंकित द्विवेदी सी एच ओ स्वाति सिंह सूरज एनम आशा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

## हाकी टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। केडी सिंह स्टेडियम मैं खेले जा रहे टूर्नामेंट के आयोजक/सचिव मजहर अजीज खां के द्वारा यह टूर्नामेंट



मुख्य अतिथि अरविंद कुमार सिंह गोप जी के हाथों कराया गया। हाकी संघ के अध्यक्ष महबूब उर रहमान ने मुख्य अतिथि अरविंद सिंह गोप और विशिष्ठ अतिथि सुरेन्द्र सिंह वर्मा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। गेम टीचर तौहीद हसन खां ने मुख्य अतिथि और अतिथियों को बैज लगाया।आज का उद्घाटन मैच लखनऊ हास्टल और बाराबंकी हाकी क्लब द्वारा खेला गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने दोनो टीमों से परिचय प्राप्त किया।और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जिला हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बाद किसी का नाम आता है तो वह नाम है बाबू केडी सिंह जी का जिनके नाम से जाना जाता है।उन्होंने कहा कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करता हूं।खेल जीवन के लिए बहुत जरूरी है इससे स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। इस मौके पर मौजूद लोगों में पूर्व चेयरमैन धीरेन्द्र, कुमार वर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व प्रमुख चौधरी तालिब नजीब कोकब, अख्तर अजीज खान, हुमायूं नईम खान, बब्बन सिंह एडवोकेट, हसमत अली गुड्डू, गजल इनाम मदनी, डा जावेद, सैयद मोहम्मद हारिस, वीरेंद्र प्रधान, डॉक्टर संजय सिंह यशवंत यादव आकाश यादव दिलीप गुप्ता एडवोकेट आदि तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## आठ नाबालिग बाल श्रमिकों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। ऑपरेशन मुक्ति अभियान, बचपन बचाओ आंदोलन, बाल श्रम रोकथाम हेतु रावर्टसगंज मार्केट से आठ नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराया गया संयूक्त टीम मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी रावर्टसगंज सुयश पाण्डेय, दीपक कुमार मदक, सुरेन्द्र कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से आकांक्षा उपाध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता, शेषमणि दुबे ओआरडब्ल्यू मानव तस्करी रोधी इकाई सोनभद्र से निरीक्षक रामजी यादव, कांस्टेबल धनंजय, अमन द्विवेदी, द्वारा रावर्टसगंज मार्केट में होटलों, ढाबों दुकानों, बस स्टैंड का चेकिंग किया गया चेकिंग के दौरान रावर्टसगंज मार्केट से सात नाबालिग बालकों को बाल श्रम करते हुए पाए गए, बाल श्रमिकों के संबंध में मौके पर उपस्थित संचालकों से बालकों के उम्र के संबंध में साक्ष्य चाहा गया परंतु उनके द्वारा साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया, अधिष्ठान संचालको पर विधिक कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किया गया।



बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सर्दियों में इन उपायों से बनाए अपनी त्वचा को कोमल



सर्दी, खांसी और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों के प्रति हमें अधिक संवेदनशील बनाने के अलावा, सर्दियों का मौसम हमारी त्वचा और बालों पर भी कहर बरपाता है। यह हमारी त्वचा से नमी को छीन लेता है, जिससे यह शुष्क, परतदार और बिखरी हुई हो जाती है। सर्दी नमी और तापमान में बदलाव लाती है जो शुष्क त्वचा के लिए एकदम सही स्थिति पैदा करती है, जिसे जेरोसिस भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान, एपिडर्मिस (त्वचा की सबसे बाहरी परत) की पतली बाहरी सतह, जिसे त्वचा बाधा भी कहा जाता है, सुरक्षा की एक परत बनाती है जो हानिकारक विषाक्त पदार्थों को शरीर में प्रवेश करने से रोकती है। हालांकि, चूंकि सर्दियों के दौरान त्वचा की बाधा में कम नमी और कम लिपिड होते हैं, यह सूखापन और जलन में योगदान देता है।

जैसे, हवा में झनझनाहट आपके स्किनकेयर रूटीन में हलचल मचाने के लिए एक निमंत्रण है ताकि आपका चेहरा ठंड और कठोर मौसम का खामियाजा न भुगते। सर्दियों में त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए, सर्दियों के महीनों में भी आपकी त्वचा का रूखापन कम करने और आपकी त्वचा को कोमल बनाए रखने के लिए आपको अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करने होंगे।

शावर कम रखें: सर्दियों में जहां गर्म पानी से नहाना बहुत आरामदायक होता है, वहीं यह आपकी त्वचा के लिए वास्तव में अच्छा नहीं होता है। अगर आप गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं, तो शॉवर की अवधि कम रखें। अगर आपकी त्वचा और भी रूखी है, तो बाल्टी से नहाना बेहतर है। गर्म पानी से नहाते वक्त बाल्टी में 8–10 चम्मच नारियल का तेल डालें।

रोजाना साबुन के इस्तेमाल से बचें

रोजाना साबुन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसे हफ्ते में एक या दो बार इस्तेमाल करें। आप सिर्फ कांख और कमर पर ही रोजाना साबुन लगाएं।

अपनी स्किनकेयर गतिविधियों को बदलें: जो लोग स्किनकेयर एक्टिव हैं, उनके लिए सैलिसिलिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड और रेटिनोइड्स जैसे एजेंटों के साथ धीमी गति से चलने का समय है। आप इन सामग्रियों के साथ सीरम जोड़ सकते हैं, जैसे नियासिनमाइड, पेप्टाइड्स, सेंटेला, पैन्थेनॉल, एलांटोइन, हाइलूरोनिक एसिड या सेरामाइड जो त्वचा पर कोमल होते हैं।

गाढ़े मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें

अपने रेगुलर मॉइश्चराइजर को मोटे मॉइश्चराइजर से बदलना भी उतना ही जरूरी है। सेरामाइड्स, कोलाइडल दलिया, शीया मक्खन, कोकोआ मक्खन या ग्लिसरीन के साथ मॉइस्चराइजर सर्दियों के महीनों के दौरान अच्छी तरह से काम करते हैं। नम त्वचा पर हमेशा मॉइस्चराइजर लगाएं।

नारियल का तेल: रूखी और बेजान त्वचा के लिए नारियल का तेल एक बेहतरीन मॉइश्चराइजर का काम करता है। बस तेल की कुछ बूंदों को गर्म करें और इससे अपने चेहरे पर मालिश करें। आप इसे 15 से 20 मिनट या रात भर के लिए भी छोड़ सकते हैं और इसे साबुन से धो सकते हैं। समय–समय पर अपने तेल में थोड़ी सी चीनी मिलाएं और अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए इसका इस्तेमाल करें। इसके अलावा, जब उस भीषण ठंड में आप लगातार अपनी नाक सूँघते और फूंकते हैं, तो नारियल के तेल की कुछ बूँदें आपकी नाक के आसपास की चिड़चिड़ी त्वचा को शांत करने में मदद कर सकती हैं। यह घरेलू उपाय आपकी त्वचा को कम से कम प्रयास के साथ ओसयुक्त ताजा रूप प्राप्त करने में मदद करता है।

## नुसरत भरूचा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाना

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस नुसरत सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें



सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस में नुसरत भरूचा बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। नुसरत भरूचा ने डीपनेक आउटफिट में बोल्ड और हॉट लग रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ओपन हेयर स्टाइल में कई पोज देती नजर आ रही हैं। बोल्ड और हॉटनेस से भरी नुसरत भरूचा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही वायरल हो जाती हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा (ह्वह्वद्मह्म्ह्म्ड्डह्लह्ल क्चद्धड्डह्म्ह्वष्द्धड्ड) इन तस्वीरों में हुस्न की मलिका नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश अंदाज नुसरत के लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस नुसरत के आउटफिट की तस्वीरों पर फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं। नुसरत के इंस्टाग्राम अकाउंट को 5.1 मिलियन फॉलोवर्स फॉलो करते हैं।




## भूल भुलैया 2 का साउथ में बनेगा रीमेक, कार्तिक आर्यन ने की पुष्टि



अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में आई थी। इसके निर्देशक अनीस बाज्मी हैं। अब कार्तिक ने एक इंटरव्यू में फिल्म से जुड़ी रोचक जानकारी दी है। उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि भूल भुलैया 2 का साउथ में रीमेक बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म की रीमेक को लेकर बातचीत चल रही है। कार्तिक ने कहा, साउथ में भूल भुलैया 2 का रीमेक बनाया जा रहा है। यह एकदम उल्टा है, भूल भुलैया एक साउथ फिल्म की रीमेक थी। वहीं भूल भुलैया 2 एक ऑरिजनल फिल्म है, जिसका साउथ में रीमेक बनाया जा रहा है। यह एक जीत है। फिल्म किसी भी क्षेत्र से आए, हमारी फिल्म होनी चाहिए। बता दें कि कार्तिक की इस फिल्म ने भारतीय सिनेमाघरों में 185.92 करोड़ रुपये बटोरे थे।

## विजय सेतुपति ने दिखाई अपने ट्रांसफॉर्मेशन की झलक



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति ने अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। सोशल मीडिया पर उनके नए लुक को देखकर फैंस काफी आश्चर्यचकित हैं। विजय ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह सफेद लिबाज में दिखे हैं। वह तस्वीर में मुस्कुराते हुए मिरर सेल्फी क्लिक करते नजर आए हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि अपने नए लुक के लिए विजय ने वजन कम किया है। इस तस्वीर में विजय का शरीर काफी दुबला नजर आ रहा है। फैंस उनके नए लुक पर प्यार बरसा रहे हैं। विजय को आखिरी बार फिल्म डीएसपी में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह राज निदिमोरु और कृष्णा डीके की वेब सीरीज फर्जी में नजर आएंगे। इस सीरीज में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में हैं। मुंबईकर और श्रीराम राघवन की मैरी क्रिसमस भी विजय के खाते से जुड़ी है।

# आत्मविश्वासी बनने के लिए खुद से प्यार करना है जरूरी, अपनाएं ये 5 तरीके




बहुत लोग ऐसा सोचते हैं कि खुद से प्यार आपको स्वार्थी और अहंकारी बनाता है, लेकिन यह सच नहीं है। अपने आप से प्यार नहीं करना आपको अपनी इच्छाओं और सपनों के प्रति कम आत्मविश्वास और अयोग्य महसूस कराता है। वहीं जब आप खुद से प्यार करते हैं तो आप ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं जिससे सपनों को पूरा करने में मदद मिलती है। आइए आज आत्मविश्वासी बनने के लिए खुद से प्यार करने के पांच टिप्स जानते हैं।

अपने शरीर का ख्याल रखें: आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों एक–दूसरे से बहुत जुड़े होते हैं। जब तक आप स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली धूम्रपान और शराब का सेवन जैसी आदतें नहीं छोड़ेंगे, तब तक आप आत्मविश्वास महसूस नहीं कर पाएंगे। इसके लिए आपको एक स्वस्थ आहार खाने, रोजाना एक्सरसाइज करने, योग का अभ्यास करने और पर्याप्त नींद लेने जैसे तरीके आजमाने चाहिए। दूसरों से अपनी तुलना करना बंद करें: दूसरों के साथ खुद की तुलना करना एक स्वाभाविक व्यवहार है और इससे बचना आसान नहीं है। जब आप अपनी तुलना दूसरों से करते हैं तो आपको अपने खुद के विचार और सोच को महसूस करने में दिक्कत होती है। इसी वजह से आपको जब लगे कि आप अपनी तुलना दूसरों से कर रहे हैं तो खुद को वहीं रोक दें क्योंकि यह आपके आत्मविश्वास के लिए हानिकारक है।

माफ करना सीखें और खुद से नरम स्वभाव रखें: अगर आप हमेशा अपनी पुरानी गलतियों पर पछताते रहते हैं तो इससे आपका आत्मविश्वास कम हो जाता है। जब आपको लगता है कि आपने कोई गलती की है या किसी काम को करने में असफल हो गए हैं तो ऐसे में अपने आप से दया का व्यवहार रखें। अपनी पिछली गलतियों के लिए खुद को माफ करना सीखें। इसकी मदद से आप भावनात्मक रूप से ज्यादा नरम रह सकते हैं और चुनौतीपूर्ण भावनाओं को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।

खुद से सकारात्मक बातें करें: हमारी अधिकांश जिंदगी इस बात पर निर्भर करती है कि हम खुद के बारे में क्या सोचते हैं। अगर आप हमेशा नकारात्मक सोचेंगे और बातें करेंगे तो आपको लगेगा कि आप ये काम नहीं कर सकते हैं क्योंकि यह बहुत मुश्किल है। इसके लिए फिर आप कोशिश भी नहीं करते हैं। वहीं खुद से सकारात्मक बातें करने से आपके मन से संदेह दूर होते हैं और नई चुनौतियों का सामना करने में आपको मदद मिलती है।

अपने आसपास सकारात्मक लोगों को रखें: अगर आप अपना ज्यादातर समय सकारात्मक लोगों के साथ बिताएंगे तो यह खुद की देखभाल करने वाली सभी गतिविधियों में से सबसे अच्छी होगी। उन लोगों से दूर रहें जो आमतौर पर आपकी आलोचना करते हैं या नकारात्मक सोचते हैं। जिन लोगों के साथ आप ज्यादा समय बिताते हैं, उनके बारे में आपके विचार आपको प्रभावित करते हैं, इसलिए ऐसे लोगों के साथ रहें जो आपकी परवाह करते हैं और आपके लिए अच्छा सोचते हैं।